फाल्गुन माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 46 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 10 मार्च 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आज आएंगे चुनाव परिणाम

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के आज आएंगे नतीजे, नतीजों से पहले ईवीएम पर मचा बवाल, गोवा-उत्तराखंड में कांग्रेस-भाजपा का प्लान तैयार**

**नई दिल्ली:** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही अब मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 10 मार्च को पांचों राज्यों के नतीजे सुबह से आना शुरू हो जाएंगे। लेकिन इस बीच आए एग्जिट पोल ने उत्तराखंड और गोवा में सियासी हलचल तेज कर दी है। दोनों राज्यों में कौन सरकार पर काबिज होगा इसे लेकर अभी तक तस्वीर साफ नहीं है। कुछ एग्जिट पोल दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनाते दिखा रहे हैं, जबकि कुछ कांग्रेस को मुकाबले में आगे बता रहे हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा और कांग्रेस ने तमाम विकल्पों पर विचार करना शुरू कर दिया है। गोवा में जहां कांग्रेस उम्मीदवार और पार्टी के नेता एक होटल में एकत्रित होंगे, जबकि पार्टी उत्तराखंड में भी ऐसा ही कुछ करने पर विचार कर रही है।



पार्टी ने राज्य में होटल बुक करना भी शुरू कर दिया है। वहीं इधर भाजपा ने भी अपने विधायकों को एकजुट करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों से लेकर तमाम बड़े नेताओं को तैनात कर दिया है। इससे पहले कांग्रेस हाईकमान ने अपने वरिष्ठ नेताओं को उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में तैनात किया है। कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डीके शिवकुमार, जिन्होंने पहले भी कई बार बहुमत के आंकड़े से पीछे रहने पर पार्टी के लिए सरकार गठन में अहम भूमिका निभाई है। उन्हें पार्टी ने गोवा में विशेष पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं वरिष्ठ नेता और महासचिव मुकुल वासनिक और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव और विंसेंट पाला को मणिपुर भेजा गया है।

## ईवीएम: अनियमितता पर वाराणसी डीएम ने लिया एक्शन

**वाराणसी:** वाराणसी में शाम से ईवीएम पर मचा सियासी तूफान बुधवार अलसुबह तक थम गया। अब इस मामले में कार्रवाई होने लगी है। मामले में एडीएम (आपूर्ति) नलिनी कांत सिंह को निर्वाचन कार्यों से अवमुक्त कर दिया गया है। नलिनी कांत सिंह को ईवीएम का नोडल प्रभारी बनाया गया था। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल राज शर्मा द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, नलिनी कांत सिंह ने मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी और राजनैतिक दलों को मूवमेंट प्लान शेयर किए बिना ही ईवीएम को प्रशिक्षण कार्य के लिए यूपी कॉलेज भेजा।

## उत्तराखंड में भाजपा-कांग्रेस ने बिछाई बिसात

**उत्तराखंड** में भी दोनों ही दलों के नेता चुनाव के बाद किसी भी स्थिति को मैनेज करने और फैसले लेने की तैयारी में जुट चुके हैं। मतगणना के बाद हंग असेंबली की स्थिति बनने पर त्वरित फैसले लेने को लेकर दोनों पार्टियों के बड़े नेता देहरादून में पहुंच चुके हैं। भाजपा की तरफ से वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय यहां पर पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक की मदद के लिए पहुंच चुके हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल अंतिम फैसले तक पहाड़ी राज्य में डटे रहेंगे। भाजपा के नेताओं ने देहरादून में सभी नेताओं के साथ बैठक की।

## मतगणना: सपा ने चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर वेब कास्टिंग कराने की मांग की

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर गुरुवार को यूपी चुनाव की होने वाली मतगणना की वेब कास्टिंग कराने और उसका लिंक सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने की मांग की है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि सपा मांग करती है कि 10 मार्च 2022 को प्रदेश के समस्त जिलों की हर विधान सभा की होने वाली मतगणना की वेबकास्टिंग कराई जाए।

## 'प्रत्याशियों की समस्या का समाधान करें अफसर'

**लखनऊ:** यूपी चुनाव की गुरुवार को होने वाली मतगणना को लेकर अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने निर्देश दिया है कि अफसर प्रत्याशियों की समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात है। जिला निर्वाचन अधिकारी सतर्क रहें और चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करें।



## सट्टा बाजार: यूपी के चुनावी रण पर लगा 500 करोड़ का दांव



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम आने में अब कुछ घंटों का ही समय रह गया है। इससे जहां सियासी दलों की धड़कन बढ़ी हुई है तो सट्टा बाजार भी तेजी पर है। दिल्ली, मुंबई, नागपुर व पुणे, इंदौर से लेकर अहमदाबाद तक में यूपी के चुनावी रण पर सट्टा लग रहा है। बीजेपी व सपा की हार-जीत से लेकर, पार्टियों की सीटों की संख्या, जिलों की प्रमुख सीटों व दिग्गजों की हार-जीत तक पर खूब दांव लग रहे हैं।

शुरूआती दौर में तो सट्टा बाजार में सपा गठबंधन व अखिलेश यादव छाए रहे, लेकिन तीसरे चरण के मतदान के बाद साइकिल पिछड़ती ही चली गई। मौजूदा समय में बीजेपी और योगी पर अधिक भरोसा देखने को मिल रहा है। सूत्रों के मुताबिक यूपी चुनाव पर अब तक करीब 500 करोड़ रुपये का सट्टा लग चुका है। चुनाव की शुरूआत में अखिलेश यादव का माहौल बनते देख सट्टा बाजार में सपा पर करोड़ों के दांव लग गए। हालांकि, जैसे-जैसे चरण पूरे होते गए, सट्टा बाजार में बीजेपी का दांव बढ़ता व सपा का घटता रहा। सपा पर सट्टे का भाव एक पर तीन रुपये बताया गया। यानी, 3200 रुपये लगाने पर 10 हजार मिलेंगे। जीत की गुंजाइश कम होने के कारण तीन गुना तक रेट बढ़ने पर भी अब सपा पर न के बराबर ही दांव लग रहे हैं। वहीं, बीजेपी की जीत व योगी की दोबारा ताजपोशी के प्रबल आसार देख सट्टे का भाव सौ पर 130 हो गया है। इस पर भी महज 24 घंटे में बीजेपी पर कई करोड़ का दांव लगाया गया है।

**बदलते समीकरण संग हो रहे उतार-चढ़ाव**

सूत्रों के मुताबिक विधानसभा चुनाव को लेकर कई बड़े सटोरियों ने भी सर्वे कराए हैं। प्रमुख शहरों व दिग्गजों की सीटों पर खास नजर रखी।

पल-पल बदलते समीकरणों पर भी सटोरियों की नजर रहती है। इसके अनुरूप सट्टे के रेट तय किए जा रहे हैं।

राजस्थान के फौलादी सट्टा बाजार ने भाजपा को 230-240, जबकि सपा को 130-140 सीटें दी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में परीक्षाओं की डेटशीट जारी

**करनाल:** सत्र 2021-22 की स्कूलों की वार्षिक परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया है। कक्षा पांचवीं से आठवीं तक की परीक्षाएं 15 मार्च और कक्षा नौवीं व 11वीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू होगी। वहीं बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 30 मार्च से शुरू होनी हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा (एससीईआरटी) की ओर से कक्षा पांचवीं से आठवीं तक की व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा नौवीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी गई है। जबकि कक्षा पहली से चौथी तक की परीक्षाएं स्कूलों ने अपने शेड्यूल के हिसाब से लेनी शुरू कर दी हैं। वहीं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थी और स्कूल भी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। हरियाणा बोर्ड से संबंधित राजकीय और निजी मिलाकर कुल 900 स्कूल हैं, जहां डेढ़ लाख विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। **एससीईआरटी ने तीन और बोर्ड ने दिया ढाई घंटे का समय:** एससीईआरटी की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार, परीक्षा के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित किया गया है। परीक्षाएं सुबह नौ से दोपहर 12 बजे के बीच आयोजित होंगी। वहीं कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं सुबह 8.30 से 11 बजे तक ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी। बोर्ड की ओर से अधिकारियों और छात्रों को सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है।

### सपा प्रमुख के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंचा भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में हिंसा मुक्त मतगणना सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व की कथित उकसाने वाली बयानबाजी पर आपत्ति जताई और आयोग से संवैधानिक व्यवस्था पर विश्वास नहीं रखने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया।

## यूक्रेन संकट: नागरिकों की वापसी में भारत रहा सफल

**नई दिल्ली:** यूक्रेन संकट के बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भारत के अभियान ऑपरेशन गंगा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि किसी और देश का ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जिसने इतनी गंभीरता से नागरिकों को घर लाने का काम किया। बड़े-बड़े देश भी विफल रहे हैं। चीन ने 5 तारीख को पहली बार कुछ लोगों को निकाला। अमेरिका ने सलाह दी की पहले ही निकल जाओ नहीं तो हम जिम्मेदार नहीं। गोयल ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी ने यूक्रेन से भारतीयों की निकासी के काम में भी राजनीति करने की कोशिश की। जब उन्होंने कहा कि जब किसी परिवार पर संकट आता है तो लोग आपसी विवादों को छोड़कर उस संकट से निपटने में लग जाते हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इस दौरान भी गलत जानकारियां फैलाने के प्रयास किए। गोयल ने कहा कि इस संकट के समय में जब कांग्रेस पार्टी देश का हौसला बढ़ा सकती थी, केंद्र सरकार के साथ खड़े होकर मदद कर सकती थी। तब केरल कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से आपत्तिजनक और गलत पोस्ट शेयर किए गए। जब भारत को रूस और यूक्रेन दोनों की सहायता चाहिए थी, तब कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेता रूस के खिलाफ बयान दे रहे थे। ये एक तरह से निकासी कार्य पर संकट पहुंचाने वाले बयान थे। पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की बातों को शेयर कर रहे थे। इमरान खान की बातों को अगर राहुल गांधी शेयर करेंगे तो यह बहुत शर्म की बात है।



## कैबिनेट: कुछ खनिजों के सम्बन्ध में रॉयल्टी की दर स्पष्ट करने से जुड़े संशोधन को मंजूरी

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ग्लूकोनाइट, पोटाश, एमराल्ड, प्लेटिनम समूह की धातुएं (पीजीएम), एंडेलूसाइट, सिलिमाइट और मॉलिबडेनम जैसे कुछ खनिजों के सम्बन्ध में रॉयल्टी की दर को स्पष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 (इसे आगे अधिनियम कहा जायेगा) की दूसरी अनुसूची में संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।



इस मंजूरी से उन कई खनिजों के आयात का विकल्प तैयार होगा, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं। इस तरह मूल्यवान विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। खनिजों के स्थानीय उत्पादन के जरिये दूसरे देशों पर देश की निर्भरता कम होगी।

## सुप्रीम कोर्ट परमबीर सिंह को फिर राहत

**नई दिल्ली:** भ्रष्टाचार और वसूली मामले में घिरे मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सिंह की अंतरिम राहत अवधि को बढ़ाते हुए 24 मार्च कर दिया है। अब मुंबई पुलिस द्वारा सिंह के खिलाफ की जा रही जांच में उन्हें 24 मार्च तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को फिलहाल अपनी जांच रोकने का आदेश दिया है। दरअसल, परमबीर सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सभी मामले सीबीआई को सौंपने की मांग की गई थी।

## आपात इस्तेमाल की मंजूरी मांगी : बॉयोलाजिकल ई ने तैयार किया कोरोना रोधी टीका

**नई दिल्ली:** बायोलॉजिकल ई ने 5 से 12 साल तक के बच्चों के लिए तैयार कोरोना रोधी वैक्सीन कोर्बिवैक्स के आपात इस्तेमाल की इजाजत मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हैदराबाद स्थित इस दवा कंपनी ने विषय विशेषज्ञ समिति को वैक्सीन का डेटा प्रस्तुत किया है। हाल ही में विषय विशेषज्ञ समिति ने कुछ शर्तों के तहत 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए कोर्बिवैक्स के लिए आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण की सिफारिश की थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हैदराबाद स्थित इस दवा कंपनी ने विषय विशेषज्ञ समिति को वैक्सीन का डेटा प्रस्तुत किया है।

हाल ही में विषय विशेषज्ञ समिति ने कुछ शर्तों के तहत इस वैक्सीन के 12 से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के लिए आपातकालीन इस्तेमाल की इजाजत देने की सिफारिश की थी। उम्मीद है कि ड्रग कंट्रोलर जनरल आफ इंडिया कोर्बिवैक्स को जल्द मंजूरी दे देगा।

## बंगाल: राज्यपाल धनखड़ का सीएम ममता पर निशाना, कहा- सदन में अव्यवस्था की प्रशंसा

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने सदन के बजट सत्र के उद्घाटन के दिन सदन में अव्यवस्था की सराहना की, जब उन्हें अपना उद्घाटन भाषण छोटा करना पड़ा और पढ़ने के बजाय इसे पेश करना पड़ा। धनखड़ ने कहा कि सोमवार को हुई घटना के दौरान विधानसभा में मंत्रियों और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने उन्हें घेराव का शिकार बनाया।



**ममता बनर्जी ने की थी महिला विधायकों की तारीफ:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को अपनी महिला विधायकों की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल से अनुरोध किया था कि वे भाजपा सांसदों के मुखर विरोध के बीच सदन में अपना उद्घाटन भाषण पढ़ें। धनखड़ ने एक दिन पहले स्पीकर बिमान बंद्योपाध्याय से इस घटना को लेकर उनसे मिलने के लिए कहा था। उन्होंने ट्वीट किया, विधानसभा के पवित्र परिसर में राज्यपाल का घेराव/नाकाबंदी का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

**राज्यपाल ने वीडियो भी दिखाया:** राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के भाषण का एक वीडियो संलग्न करते हुए कहा, चिंतन करें !! हम कहां जा रहे हैं! और क्यों! माननीय मुख्यमंत्री किसकी सराहना कर रही हैं! सदन में अव्यवस्था! हम सभी को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने के लिए काम करने की जरूरत है।

## महाराष्ट्र: 'दुर्भाग्य है कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल एक दूसरे पर भरोसा नहीं करते'

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच का मतभेद को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य के दो सर्वोच्च संवैधानिक नेताओं ने एक-दूसरे पर भरोसा नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की पीठ ने कहा कि दोनों (मुख्यमंत्री और राज्यपाल) के लिए एक साथ बैठना और मतभेदों को सुलझाना उचित होगा। अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को चुनौती देते हुए अधिवक्ता महेश जेठमलानी और सुभाष झा के माध्यम से दायर दो जनहित याचिकाओं की अध्यक्षता करते हुए मौखिक टिप्पणियां कीं। हाईकोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद दलीलों को खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि प्रक्रिया कानून के समक्ष नागरिकों के समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 14 द्वारा गारंटी दी गई है।

## राजीव गांधी हत्या: उम्रकैद की सजा काट रहे एजी को जमानत

**याचिकाकर्ता द्वारा उसके आचरण, उसके खराब स्वास्थ्य के बारे में पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत की गई**

**नई दिल्ली:** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या से जुड़े मामले में बुधवार को बड़ी खबर सामने आई। पूर्व पीएम की हत्या की साजिश में शामिल ए जी पेरारीवलन को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। हालांकि, कोर्ट के इस फैसले का केंद्र सरकार ने विरोध किया। ए जी पेरारीवलन को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उसके आचरण, उसके खराब स्वास्थ्य के बारे में पर्याप्त सामग्री प्रस्तुत की गई है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उसने 30 साल से अधिक समय जेल में बिताया है, हमारा विचार है कि उसे जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। इस दौरान कोर्ट ने यह भी संज्ञान में लिया कि राज्यपाल को जेल से रिहा करने की अपनी याचिका पर फैसला करना बाकी है। गौरतलब है कि पेरारीवलन को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी और वह 32 साल से जेल में बंद है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में आरोपी ने एमडीएमए जांच पूरी होने तक इस मामले में उम्रकैद की सजा को स्थगित करने की मांग की गई थी। राजीव गांधी की हत्या के मामले में मई 1999 के अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने चार दोषियों पेरारीवलन, मुरुगन,संथम और नलिनी की मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 18 फरवरी को सुनवाई करते हुए राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी पेरारीवलन की मौत की सजा को दो अन्य कैदियों संथम और मुरुगन के साथ उम्रकैद में बदल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका आधार उनकी दया याचिका पर फैसला करने में 11 साल की देरी होने को बनाया था।



## महाराष्ट्र: भाजपा ने की नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और पार्टी के अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया है। फडणवीस समेत भाजपा के कई नेता राज्य मंत्री नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाल रहे थे। विरोध प्रदर्शन भायखला के जीजामाता चौक से शुरू हुआ और मुंबई के आजाद मैदान में समाप्त होना था। फडणवीस तीन मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के दौरान रोजाना विधानसभा के अंदर नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। उन्होंने मलिक के दाऊद कनेक्शन को लेकर भी महाराष्ट्र के मंत्री को घेरा था। इससे पहले भाजपा ने महाराष्ट्र की सत्ताधारी महाविकास आघाड़ी सरकार पर पुलिस की मिलीभगत से पार्टी नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया था और पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा इस सिलसिले में महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल को 125 घंटे के वीडियो को एक पेन ड्राइव में सौंपे जाने का हवाला दिया।



## खबर संक्षेप

### वरुणेश्वर महादेव मंदिर पर संगीतमयी श्रीराम कथा कल से बरना में

**प्रतापपुर।** शिव सेवा समिति वरुणा के तत्वावधान में वरुणेश्वर महादेव मंदिर बरना में 11मार्च से 17 मार्च तक संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा वाचन पूज्य कथावाचिका आराधना शास्त्री श्री धाम अयोध्या के द्वारा किया जाएगा।उक्त आशय की जानकारी व्यवस्थापक मनोज पाठक व समाजसेवी सूर्या यादव ने संयुक्त रूप से देते हुए क्षेत्र के लोगो से कथा में सम्मलित होने के लिए अपील किया है।

### बाइक जंघई स्टेशन के पास से चोरी

**जंघई।** जंघई स्टेशन के पास बालाजी मार्केट स्थित इलियास मोबाइल की दुकान से आशिक अली की सुपर स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। सूचना पर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया और चोरी का खुलासा करने का आश्वासन देकर चले गए।

# मतगणना तक एग्जिट पोल के मकड़जाल में उलझे मतदाता नतीजों के पहले ईवीएम के अपहरण का डर

डॉ शमीम


**पसना।** आधुनिक वैज्ञानिक परिवेश में जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है।आज जब पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, जिसका समापन कल 10 मार्च को मत गणना के साथ हो जायेगा के मूल में भी विज्ञान का ही चमत्कार मुख्य भूमिका में है।1999 से हमारे देश में आम चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रयोग होने लगा,इसके पहले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में आज के पंचायत चुनावों की भांति मतपत्र पर मोहर लगा कर ही चुनाव सम्पन्न होते थे। आज टेलीविजन मीडिया के दौर में जब अनेकों प्राइवेट चैनलों की बाढ़ सी आ गयी है,ऐसे में हर चैनल स्वयं या प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से मतदाताओं के बीच एक सर्वे कराकर एग्जिट पोल प्रसारित करता है।यह मतदान बाद एव मतगणना से पूर्व का एक अनुमान होता है।

वास्तविक मतगणना एवं चुनाव आयोग का इससे कोई सरोकार नहीं होता।फिर भी राजनैतिक दल एवं उनके समर्थकों के बीच




वाक युद्ध एवं देखने में आता है कि कहीं-कहीं समर्थकों में सिर फुटौव्वल की नौबत आ जाती है।एग्जिट पोल एक अनुमानित आंकड़ा होता है जो जरूरी नहीं कि सही ही हो या फिर गलत ही हो,कहीं-कहीं तीर-तुक्का भी साबित होता है।

करोड़ो मतदाताओं की राय को कुछ हजार मतदाताओं की राय मान लेना भी तर्कसम्मत नहीं हो सकता।पूर्व में भी ऐसे चैनलों द्वारा किये गये इस तरह के सर्वे जमीनी हकीकत से उलट साबित हुए हैं। आजकल मीडिया में गोदी मीडिया शब्द बहुत प्रचलित है,यानी कि पत्रकारिता के मूल मंत्र निष्पक्षता से अलग किसी की गोदी(छत्रछाया) में बैठकर पत्रकारिता करना।ऐसा करना लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के



लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद भले ही हो लेकिन पत्रकारिता का गला घोंटने जैसा होता है।

उत्तर प्रदेश के चुनावों में जहाँ सत्तारूढ़ भाजपा एवं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है वहां किसान आंदोलन के मुख्य केंद्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिस्से में भी बीजेपी को एग्जिट पोलों में अधिक सीटें दिखाना इन सर्वेक्षणों की सच्चाई पर संदेह पैदा करते हैं।वहीं इन चैनलों की नौकरी छोड़कर जनता के बीच हर मौके पर जाकर पत्रकारिता करने वाले नामी पत्रकार की भी राय में इन एग्जिट पोलों का कोई जमीनी आधार नही है। आम जनता के बीच जिस तरह से सत्ता के खिलाफ कृषि कानून, मंहगाई, कोरोना, बेरोजगारी,आवारा पशु, लॉकडॉउन,आदि प्रमुख मुद्दे चरम पर थे,उनसे भी ऐसा नहीं लगता कि बीजेपी को दुबारा सत्तासुख का लाभ मिलेगा।अब वास्तविक मतगणना भी कल सुबह शुरू हो जाएगी और दोपहर तक वास्तविक तस्वीर साफ हो जाएगी और जिस दल को मतदाताओं ने बहुमत दिया होगा,वही चुनावी लड़ाई का हीरो बनेगा।



घटनास्थल पर मौजूद भीड़

# कुएं मे गिरकर वृद्ध की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सराय इनायत थाना क्षेत्र के मलखानपुर गांव निवासी एक वृद्ध मजदूर की गांव के बाहर एक कुएं मे गिरकर मौत हो गई। बुद्धवार सुबह लोगों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनो को दी परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौकेपर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवा कर अपने कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मलखानपुर गांव निवासी अभयराज चौहान 65 का शव गांव के बाहर एक कुएं मे पाया गया जिसका पहचान परिजनों ने किया बताया जाता है कि मृतक अभयराज एक दिन पहले सुबह घर से निकला था और बुद्धवार सुबह गांव से कुछ दूर उसके खेत के पास स्थित एक कुएं के पास वहां पडा. एक चप्पल पर लोगों की नजर पडी. तो कुएं मे झांक कर देखा तो वृद्ध की लाश उतराती मिली जिसका सिनाक्त परिजनों ने किया। मृत अभयराज अपने तीन भाइयों मे छोटा था और बडे. भाई के बच्चों के साथ रहता था उसकी शादी नहीं हुयी थी।परिजनो के मुताबिक वह पिछले कुछ मांह से विक्षिप्त चलरहा था।

## दलित महिला से की गई अश्लील हरकत, पीड़िता ने की शिकायत

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के सेवाइथ गांव में एक दलित महिला बगल स्थित एक खेत में रविवार को जानवरों के लिए घास काट रही थी। आरोप है कि तुलापुर गांव सभा के दो युवक आए और खेत में घास काटने को मना करने लगे। जब महिला ने इसका विरोध किया। तो महिला के साथ अभद्रता भी किए। जिससे दलित महिला बहुत डरी सहमी है। पीड़िता ने बुधवार को थाने में लिखित तहरीर देकर विपक्षियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। गौरतलब है कि सेवाइथ ग्राम सभा सुशीला देवी सरोज पत्नी सुरेश कुमार सरोज ने जानवरों को चारे के लिए घास काटने खेत में गई थी। तभी तुलापुर गांव के पप्पू पटेल व पिंटू पटेल ने उसके साथ जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गली गलौज देने लगे। महिला के विरोध करने पर उसके साथ अश्लील हरकत भी किए। तथा महिला के चिल्लाने पर गांव के लोगों को आते देख विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जिससे दलित महिला का परिवार डरा सहमा है। पीड़ित दलित महिला ने बुधवार को थाने में खिलाफ शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

## जब भी धरती पर अत्याचार बढ़ा, प्रभु अवतरित हुए : सुयश जी महाराज



**सहसों।** मनुष्य रूपी जीव को मनोवांछित फल के लिए बांके बिहारी की आराधना करना नितान्त आवश्यक है। सिंगरामऊ गांव मे चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य सुयश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा जब जब धरती पर राक्षसों का अत्याचार बड़ा है भगवान अवतरित होकर उनका संघार कर लोगों की रक्षा की है। कथा व्यास ने कहा भगवान श्री कृष्ण पैदा होते ही राक्षसी पूतना,शटकासुर, बकासुर तथा कालिया नाग का मर्दन कर ब्रज वासियों की रक्षा की। आज भी वृंदावन में बांके बिहारी की पूजा अर्चना, स्तुति एवं दर्शन चमत्कारिक है। मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए देश विदेश से भक्त बांके बिहारी का दर्शन पूजन एवं आराधना के लिए आते हैं। पूरे विश्व में ब्रज की होली प्रसिद्ध है। वहां पर ग्यारह दिन पूर्व ही अबीर गुलाल, मीठा, फूलों की होली शुरू हो जाती है। पूरा ब्रज मंडल भगवान श्री कृष्ण, राधे राधे नाम से गुंजायमान रहता है। उन्होंने कथा के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अभिमान चकनाचूर करने के लिए गिरिराज को अपनी उंगलियों पर उठाकर ब्रजवासी की रक्षा की। कथा श्रवण करने वाले भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण व गिरिराज की झांकी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान राधेश्याम मिश्र सहित अन्य भक्तों ने व्यासपीठ सहित आवाहित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कथा श्रवण करने वालों में भाजपा नेता अनिरुद्ध सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, बब्बू मिश्रा, चंद्रभान सिंह , सुरेंद्र शुक्ला, लालजी दुबे, शिव नारायण सिंह गप्पू , रामनिरंजन मिश्र,राजकुमार द्विवेदी, चिंतामणि शुक्ला, डॉक्टर केसी पांडे, डॉ अमित यादव, वीरू पांडे, शिक्षक प्रभाकर पांडे, धर्मेंद्र तिवारी सहित भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने कथा का रसपान किया।

## शोपीस बनकर रह गई लाखों के लागत से बनी पानी की टंकी



**प्रतापपुर।** विकासखंड क्षेत्र के सराय हरिराम ग्रामसभा में जल कल विभाग द्वारा शुद्ध पेय जल योजना के अंतर्गत लाखो की लागत से बनी पानी की टंकी महज शोपीस बनकर रह गई है। तत्कालीन ग्राम प्रधान रहे अजय कुमार यादव जिनके कार्यकाल में निर्माण की नींव रखी गयी थी उन्होंने बताया ग्रामीणों को शुद्ध जल के दृष्टिगत काफी प्रयास के बाद शासन से पानी की टंकी बन सकी थी बनने के बाद सप्लाई भी शुरू हुई थी मगर कई जगह लीकेज की समस्या की वजह लीकेज के मरम्मत के लिए सप्लाई रोक दी गयी थी उसके बाद विभाग और जनप्रतिनिधियों के उदासीनता की वजह से पुनः सप्लाई बहाल नही हो सकी।वही वर्तमान ग्राम प्रधान विजय यादव का कहना है की मैने कई बार इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से कर चुका हूँ और लगतार सप्लाई बहाली के लिए प्रयासरत हूँ।इस पानी के टंकी के शोपीस होने से लगभग पांच हजार आबादी प्रभावित है।गाँव के अशोक यादव (अंजान) का कहना है इस समस्या सम्बंध में विभागीय अधिकारी,जनप्रतिनिधियों को कई बार पत्र लिख चुके है मगर जिम्मेदार लोग पूरी तरह से उदासीन बने हुए है। गाँव के रमा शंकर दूबे,संजय दूबे,उमाशंकर सरोज,रमाशंकर,अतुल पांडेय,आशीष यादव,हरिमोहन यादव, पन्नालाल गुप्ता, उमेश श्रीवास्तव, संदीप आदि ग्रमीणों ने सप्लाई बहाल करने की माँग की है।

# प्रत्याशियों के हार जीत को लेकर रात भर होता रहा मंथन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र में आज सुबह शुरू होने वाले मतगणना को लेकर राजनीतिक चचाएं फिर से चरम पर पहुंच गई हैं। लोगों में प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर कयास और शर्त लगाने का दौर भी शुरू हो गया है। इस बीच चुनावी अखाड़े में उतरे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें भी तेज होती जा रही हैं। साथ ही मतगणना साफ सुथरी हो इसके इसके लिए मतगणना एजेंटों को सतर्क रहने का पाठ भी पार्टियों द्वारा पढ़ाया जा रहा है। सोमवार व मंगलवार को टीवी चैनलों में दिखाए गए एक्जिट पोल के अनुमानों से सभी दलों के प्रत्याशियों में खलबली मची है, वहीं सत्ताधारी भाजपाइयों के चेहरे खिले नजर आने लगे हैं। यूपी में विधानसभा चुनावों के सात चरण निपटने के बाद गुरुवार को मतगणना होनी है, जिस पर चुनाव में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें टिकी हैं।आम जनता में किसकी बनेगी सरकार और कौन होगा विधायक का गणित भिड़ाया जाने लगा है।दरअसल मेजा व कोरांव में 27 फरवरी को मतदान होने के बाद मेजा से भाजपा की प्रत्याशी नीलम करवरिया,सपा से संदीप पटेल और बसपा से बाबा तिवारी तथा कोरांव से भाजपा प्रत्याशी राजमणि कोल , सपा के रामदेव निडर, बसपा के राजबली जैसल व कांग्रेस के रामकृपाल कोल सहित अन्य प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीनों में कैद हो गया था। गहमागहमी के बीच हुए चुनाव प्रचार,जनसंपर्क और भारी मतदान के बाद प्रत्याशियों और आम लोगों के बीच चुनावी अखाड़े में हार जीत के कयास के दौर शुरू हो गए हैं। प्रत्याशियों और समर्थकों की धड़कने तेज हो गई हैं।कल के मतगणना में किसकी होगी जीत और किसकी होगी हार इसी विषय पर आज दिन भर लोगों में चर्चा खासे आम रही।चुनाव के पहले और चुनाव के बाद तक जो तर्क वितर्क लगा रहे थे। वे विभिन्न चैनलों द्वारा दिखाए एक्जिट पोल के बाद नरम हो गए और योगी को अच्छा मुख्यमंत्री बताते नहीं चूक रहे हैं।बात हो रही है कि हमारा जो काम था वोट देना हमने दे दिया।चाहे जीते चाहे हारे।फिलहाल एक्जिट पोल को देखकर सपा प्रत्याशियों और समर्थकों ने अभी भी जीत की उम्मीद किए कार्यकताओं का हौसला अफजाई कर रहे है।अब देखने वाली बात यह होगी कि गुरुवार को किसकी किस्मत का पिटारा खुलेगा और किसकी होगी होली।फिलहाल आज दिन भर जीत हार का सिलसिला जारी रहा।

## माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट ने विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष मतगणना कराने का किया आह्वान

**प्रयागराज।** चुनाव में लोकतंत्र की रक्षा के लिएं प्रबुद्ध वर्ग का आह्वान किया है। संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार मताधिकार की रक्षा के लिए भी अनुरोध किया।ज्ञात हो कि गत दिवस 7 चरणों में संपन्न चुनाव में सत्तारूढ़ तथा विपक्ष ने अपनी ताकत झोंक कर जनहित के मुद्दों को उठाकर जनता के दिलों को जीत कर मतदान के अधिकार का भरपूर सहयोग मांगा।जिसके परिप्रेक्ष्य में जनता ने परिणाम स्वरूप अपना निर्णय मत पेटियां तथा ईवीएम में सुरक्षित कर दिया है। वाराणसी बरेली तथा सोनभद्र में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा की जा रही अनियमितता पर घोर अविश्वास प्रकट करते हुए शिक्षक संघ ने लोकतंत्र की हत्या की संज्ञा दी है।तथा चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है।संघ की जिला इकाई की आपात बैठक एचडी भगत इंटर कॉलेज रामपुर करछना में जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रबुद्ध वर्ग से अपील की गई कि संविधान में उल्लेखित मताधिकार की मौलिक अधिकार के रक्षा हेतु।बुद्धिजीवियों से लोकतंत्र में संविधान की रक्षा का आह्वान किया गया तथा निष्पक्ष मतगणना किए जाने की मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप तथा चुनाव आयोग से अपनी सत्य निष्ठा एवं निष्पक्षता बनाए रखने का अनुरोध किया गया।इस आशय की सूचना संघ के जिला मीडिया प्रभारी जेपी यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे दी। बैठक में अभय राज सिंह फूलचंद कनौजिया गोविंद प्रसाद भूतिया बुधराम यादव अमर बहादुर यादव सीता शरण सिंह,प्रेमचंद यादव जेपी यादव मान सिंह पटेल बालेन्दु गौतम सीबी यादव कमल चन्द्र, मदन मुरारी अवधेश श्रीवास्तव महेंद्र द्विवेदी रवि करण सिंह रमेश पाल आदि लोग सम्मिलित रहे।

## न्यूज झरोखा.....

### बलराम पीजी कॉलेज सिरहिर मे एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

मुख्य अतिथि को कोआर्डिनेटर डॉ. वीपी सिंह के ने बुद्ध की प्रतिमा की भेंट



**लेडियारी।** बलराम पी० जी० कॉलेज सिरहिर के राष्ट्रीय सेवा योजना की और से सिंहपुर खुर्द गाँव में आयोजन सत्र दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन हो गया है। इस दौरान स्वयं सेवक एवं सेविकओ द्वारा आयोजित महिला सशक्तीकरण पर आधारित कार्यक्रम प्रेरक रहा। इस मौके पर डॉ० ए० सी० सिंह सहायक प्रोफेसर कुलभास्कर आश्रम पी ०जी० कॉलेज मुख्य अथिति रहे। कार्यक्रमाधिकारी डॉ० अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के जरिये आयोजित कार्यक्रम समाज के लिए प्रेरणादायी है। शिविर प्रभारी डॉ० बी० पी० सिंह ने ग्राम प्रधान तथा ग्राम वासियों के प्रति आभार जताया एवं डॉ० रुद्रजय मिश्रा हसमुक लाल आशीष पाण्डेय के सहयोग की सराहना की इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं को पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ० अनुज मिश्रा श्री आजाद , डॉ० विपिन कुमार सिंह, प्रभु नाथ, रजनीश उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे ।

### व्यापार मंडल कार्यालय के प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण



**मेजा रोड।** बुधवार को मेजारोड बाजार के पटेल नगर चौराहे के समीप स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के समय उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवन है वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती,सभी लोग कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं जिससे प्रकृति की रक्षा की जा सके। श्री उपाध्याय ने आगे कहां कि पेड़ों की कमी के कारण वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो रही है और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है जो सभी के लिए हानिकारक है। पेड़ भूमि के कटाव को रोकते हैं जिसकी वजह से हमारी जमीनें बंजर नहीं बनती। इस अवसर पर महामंत्री ओपी पाण्डेय,शिक्षक संघ नेता मनीष तिवारी,मुन्ना तिवारी, शिक्षक सुनील तिवारी,समी शुक्ला,मुन्ना पांडे,शिव उपाध्याय विनय शुक्ला,रमेश उपाध्याय,अजय तिवारी,संदीप तिवारी,नीरज यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### महिला शिक्षा के साथ-साथ गृहस्थी का निष्ठापूर्वक काम करती है महिलाएं-आशा सोनी



**करछना।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर श्री मती इन्दिरा गांधी बिद्यालय जगौती में बिद्यालय की उप पब्रन्धक आशा सोनी ने कहा कि महिलायें शिक्षा स्वास्थ्य के साथ साथ घर गृहस्थी का पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए जिन्दगी में आने वाले उतार चढ़ाव कष्टों को झेलते हुए मान अपमान सहते हुए सामाजिक लाज लज्जा में अपने परिवार की जिम्मेदारी का बोझ उठाती है नारी निन्दा न करो नारी जग की शान नारी से ही होत है,इस अवसर पर दर्जन भर महिलाएं उपस्थित रही ।

### डायट मेंटर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण चित्रकला से प्रभावित हुए बच्चे



**कौंधियारा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कौंधियारा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर (संविलियन) का बुधवार को कौंधियारा ब्लॉक की डायट मेंटर शबनम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। डायट मेंटर ने बच्चों से अनुच्छेद पढवाये, गणित, विज्ञान अंग्रेजी आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जिसमें बच्चों ने सही जवाब दिया। बच्चों एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय की दीवारों पर बनाए गए चित्रकला से डायट मेंटर बहुत प्रभावित हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रीति श्रीवास्तव और अन्य अध्यापकों से बहुत प्रभावित हुई।

# जीएसटी में टैक्स और पेनाल्टी लगाने से पहले सुनवाई का मौका न देना न्याय का उल्लघंन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी के तहत टैक्स निर्धारण और पेनाल्टी लगाने से पहले सुनवाई का मौका न देने को नैसर्गिक न्याय का उल्लघंन माना है। साथ ही ब्याज सहित टैक्स और पेनाल्टी वसूली आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने वाणिज्य विभाग, बरेली को याची को सुनकर नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने टैक्स विभाग के अधिकारियों के रवैए की आलोचना करते हुए 10 हजार रुपए का हजार्ना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने भारत मिंट एंड एलाइड केमिकल्स की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

### शक्तियों का प्रयोग कर हो सकती है सुनवाई

इसके साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि नैसर्गिक न्याय के हनन के मामले में अनुच्छेद 226 की अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर याचिका की सुनवाई की जा सकती है। भले ही आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने का वैकल्पिक उपचार प्राप्त हो। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट वैकल्पिक उपचार उपलब्ध होने पर सुनवाई से इंकार भी कर सकती है। यह हर केस के तथ्यों पर निर्भर होगा। वैकल्पिक उपचार की उपलब्धता याचिका की पोषणीयता पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाती। कोर्ट ने कहा कि यह कोई बाध्यकारी नियम नहीं है, बल्कि कोर्ट का विवेकाधिकार है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया है सुनवाई का आदेश

याची का कहना था कि बिना सुनवाई का मौका दिए वसूली आदेश नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है। सरकार की तरफ से कहा गया कि याची को आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करनी चाहिए थी। याचिका पोषणीय नहीं है। धारा 75(4) में स्पष्ट रूप से सुनवाई के लिखित अनुरोध पर या प्रतिकूल आदेश जारी करने से पहले सुनवाई का मौका दिया जाएगा। संयुक्त आयुक्त वाणिज्य कर विभाग ने जवाबी हलफनामे में कहा कि कर निर्धारण से पूर्व सुनवाई का मौका दिया जाना जरूरी नहीं है इस पर कोर्ट ने कहा कि कानून में साफ लिखा है और सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई करने का आदेश दिया है।

### सुनवाई कोर्ट का विवेकाधिकार

लगता है कि अधिकारियों ने कानून नहीं पढ़ा या सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी समझ नहीं सके। सुप्रीम कोर्ट ने दर्जनों ऐसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा है कि वैकल्पिक उपचार उपलब्ध होने पर भी हाईकोर्ट अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर याचिका की सुनवाई कर सकता है। वैकल्पिक उपचार होने पर याचिका दाखिल करने पर पूर्ण रोक नहीं है। इसके कई अपवाद भी हैं। यह कोर्ट का विवेकाधिकार है।

## स्टेशनों के नाम के दाम भी वसूलेगा रेलवे

**प्रयागराज।** रेलवे ने आय बढ़ाने के लिए नया तरीका ढूंढा है। अब रेलवे स्टेशन के नाम के साथ कंपनियां अपना नाम भी दर्ज करा सकेंगी। इसकी एवज में रेलवे उनसे विज्ञापन का शुल्क वसूलेगा। उदाहरण के लिए अगर टाटा कंपनी प्रयागराज जंक्शन को लेती है तो रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जं. जहां कहीं भी लिखा होगा तो उसके नाम के आगे टाटा लिखकर उसे टाटा प्रयागराज जंक्शन कर दिया जाएगा।रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई को-ब्रांडिंग पॉलिसी के तहत जिस स्टेशन के लिए फर्म को टेंडर मिलेगा, वह तय करेगी कि स्टेशन के नाम के साथ किसका नाम जोड़ा जाए। गाइडलाइंस के अनुसार विज्ञापन देने वाली कंपनी की ब्रांडिंग स्टेशन परिसर में उस हर जगह पर होगी, जहां-जहां स्टेशन का नाम लिखा है। यह नाम स्टेशन के नाम से पहले भी जुड़ सकता है और बाद में भी। को-ब्रांडिंग के बाद स्टेशनों की एंट्री पर और स्टेशन के अंदर भी स्टेशन के नाम के साथ ब्रांड्स के नाम दिखेंगे।रेलवे बोर्ड की इस स्कीम के तहत जिन स्टेशनों के नाम किसी लोकप्रिय हस्ती के नाम पर रखे गए हैं, उन स्टेशनों पर को-ब्रांडिंग नहीं की जाएगी। उदाहरण के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन की बात करें तो वहां स्टेशन के नाम के आगे एवं पीछे किसी फर्म आदि का नाम नहीं जोड़ा जाएगा।

## पार्टनर द्वारा फर्जी ढंग से दूसरे की जीएसटी पर माल बेचने पर फ्राड का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** फर्नीचर के अधिकृत बिक्रेता द्वारा जाल साजी करके दूसरे की जीएसटी के माध्यम से अपना माल बेचने का भंडा फूटने पर फर्नीचर मालिक ने मऊआइमा थाने में फ्राड और जालसाजी एंव अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला महतवाना निवासी मोहम्मद अफजाल पुत्र मोहम्मद नसीर भारत फर्नीचर के नाम से दुकान चलाते हैं। बताया गया है कि अफजाल ने अपना माल बेचने के लिए शहर के दो लोगों को अधिकृत किया था। बताया गया है कि वह भारत फर्नीचर के नाम से माल न बेच कर आन लाइन अपना माल बेचते थे तथा फर्जी ढंग से जीएसटी भारत फर्नीचर का लगा देते थे जिसका भुगतान भारत फर्नीचर के मालिक अफजाल को भुगतान पडता था। और बाकायदा अपना फर्जी पासवर्ड बनाए हुए थे । अफजाल को जानकारी होने पर अधिकृत बिक्रेता से जब वह कहने लगा तो उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए गालियां दी गई। मोहम्मद अफजाल ने मऊआइमा थाने में धारा 419,420,406,323,504,506 के अन्तर्गत प्रयागराज के करामत की चौकी 155/40 करैलबाग निवासी आरिज और सैय्यद ऐश अहमद उर्फ मुन्ना के खिलाफ जालसाजी, अमानत में ख्यानत के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगाया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विवाहिता का विवाद सुलझ जाने के बाद जब वह ससुराल आयी तो ससुरालियों ने उसे मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासनीय शहनूरबानों पत्नी मोहम्मद साजिद उर्फ राजा बाबू की शादी गांव के ही मोहम्मद अहमद के पुत्र मोहम्मद साजिद उर्फ राजा बाबू के साथ हुई थी। बताया गया है कि दोनों में विवाद हो जाने के बाद शहनूरबानों मयके चली गईं। बाद में तमाम पंचायतों के बाद जब वह ससुराल आयी तो आरोप है कि उसे ससुरालियों ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दिए । शहनूरबानों ने मऊआइमा थाने में पति मोहम्मद साजिद उर्फ राजा बाबू ,ससुर मोहम्मद अहमद ,सास जरीना ,जेठानी शायरा बानों , जेठ चांद बाबू ,जेठ जुम्मन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने आजम खान के मौलाना जौहर अली ट्रस्ट के रजिस्ट्रार को दी राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मौलाना जौहर अली ट्रस्ट के रजिस्ट्रार अदीब आजम व निफत अफलाख के खिलाफ रामपुर की विशेष अदालत में चल रहे आपराधिक मामलों की सुनवाई पर रोक जारी रखते हुए राहत है। मामले में राज्य सरकार की तरफ से याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। कोर्ट ने याची को इसका तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का समय दिया है। याचिका की अगली सुनवाई चार अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने अदीब आजम की याचिका पर दिया है।हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका में कानून का उल्लंघन करके जबरन बैनामा कराने के आरोप में चल रहे 27 आपराधिक केसों व चार्जशीट की वैधता को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि अजीमनगर थाने में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के खिलाफ पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। इन बैनामों से याची का कोई सरोकार नहीं है।ट्रस्ट का रजिस्ट्रार होने के कारण उसे फंसाया गया है। निचली अदालत ने पुलिस चार्जशीट पर बिना विवेक का इस्तेमाल किए संज्ञान लिया है। मुख्य आरोप आजम खां व आले हसन पर लगाया गया है। याची का नाम एफ आई आर में नहीं है।उसने न कोई बैनामा कराया और न ही किसी को धमकी दी है।

# 12 विधानसभा सीटों के लिए आज होगी मतगणना, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 12 विधानसभा सीटों के लिए आज 8 बजे से जनादेश का ईवीएम खुलेगा। इसी के साथ तय हो जाएगा कि कौन होली और दिवाली साथ-साथ मनाएंगा और किसके गाल पर लगने वाला गुलाल का रंग कुछ फीका रह जाएगा। धांधली के आरोप एवं विरोध के बीच मुंडेरा मंडी परिसर में मतगणना के लिए पूरी तैयारी के दावे किए जा रहे हैं। पूरा इलाका भी छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इसके अलावा राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के प्रतिनिधि पूरी रात स्ट्रांग रूम के आसपास डटे रहे।प्रयागराज की 12 विधानसभा सीटों के लिए मुंडेरा मंडी परिसर में सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। पहले बैलेट पेपर से पड़े मतों की गिनती होगी। फिर ईवीएम खुलेंगे। करीब साढ़े आठ बजे से ईवीएम से मतगणना शुरू होने की उम्मीद है। इस बार सभी 12 सीटों के लिए कुल 4627545 में से 2491208 मतदाताओं ने मताधिकारी का उपयोग किया है।



ईवीएम सुरक्षा में तैनात सेना का जवान

**14 टेबल पर होगी मतगणना :** यानी, 53.83 फीसदी वोटर्स का रूख तय करेगा विधानसभा में इस बार कौन-कौन प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करेगा। ईवीएम में पड़े मतों की गणना 14 टेबल पर होगी। इसके अलावा बैलेट पेपर से हुई वोटिंग की गणना, आरओ एवं आरओ के चार टेबल भी होंगे। इस तरह से हर विधानसभा में 18 टेबल होंगे। मेजा विधानसभा में सबसे कम 27 चरणों की मतगणना होगी। ऐसे में कोई विवाद नहीं हुआ तो मेजा का परिणाम सबसे पहले आ जाएगा। वहीं फूलपुर में सबसे अधिक 34 चरणों की मतगणना होगी। ऐसे में फूलपुर का रिजल्ट सबसे अंत में आने की उम्मीद है। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि मतगणना की पूरी तैयारी कर ली गई है। मंडी परिसर में अफसरों एवं मतगणना कर्मियों के अलावा प्रत्याशियों के अभिकताओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। तीन चरणों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

**पांच-पांच बूथों पर पड़े मतों का वीवीपैट से होगा मिलान :** हर विधानसभा में न्यूनतम पांच-पांच बूथों पर पड़े मतों का वीवीपैट से भी मिलान किया जाएगा। यह प्रक्रिया मतों की गिनती के बाद पूरी की जाएगी। इसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

**नहीं निकाल सकेंगे विजय जुलूस :** राजनीतिक दल तथा प्रत्याशी विजय जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। इस पर रोक है। इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मतगणना स्थल से चौफटका पानी टंकी तक फोर्स तैनात रहेगी।

## ...अब स्मार्ट होगी स्ट्रीट लाइट खुद हो जाएंगी ऑन व ऑफ



**प्रयागराज।** स्मार्ट सिटी में सब कुछ स्मार्ट होगा। इसकी कवायद स्मार्ट मीटर और स्मार्ट बस सेवा से की जा चुकी है। अब बिजली बचाने के लिए स्ट्रीट लाइटें स्मार्ट की जाएगी। अब निर्धारित समय पर जलेगी और बुझेगी। इसके लिए अब सेंट्रल कंट्रोल मानीटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) लगाने की कवायद शुरू हो गई है। शहर की चार प्रमुख मार्गों पर 10 करोड़ रुपये की लागत से सीसीएमएस लगाया गया है।प्रयागराज उत्तर प्रदेश का यह पहला जिला होगा जहां पर सीसीएमएस के माध्यम से स्ट्रीट लाइन को कंट्रोल किया जाएगा। आने वाले दिनों में सभी सड़कों की स्ट्रीट लाइन सीसीएमएस से संचालित होगी। सीसीएमएस के माध्यम से एक सड़क की अगर कोई भी स्ट्रीट लाइट खराब होगी तो वह बता देगा कि इस पोल की लाइट इस कारण से नहीं जल रही है। शहर की 78 सड़कों पर इस सुविध को उपलब्ध कराया जाएगा। शहर की चार सड़कों पर यह इंतजाम कर दिया गया है। रात के समय सड़कों पर अंधेरा न रहे इसके लिए 10 हजार स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। कुछ स्थानों पर यह स्ट्रीट लाइट दिन में भी जलती रही है। इससे कई किलो वाट की बिजली बर्बाद होती है। बिजली बबार्दी को रोकने के लिए स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सीसीएमएस गुलाटी मार्ग, कचहरी मार्ग, सरदार पटेल मार्ग पर यह सुविधा शुरू कर दी गई है।बेहतर तरीके से स्ट्रीट लाइट के संचालन को लेकर ससीसीएमएस का प्रबंध किया गया है। इससे निर्धारित समय पर लाइट जलेगी और बुझ भी जाएगी। जहां पर स्ट्रीट लाइन नहीं जलेगी इस सिस्टम से उसकी जानकारी भी मिल जाएगी। समार्ट सिटी के तहत यह बिजली बचाने का बेहतर माध्यम है।

# करेली बम धमाके में दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

## मतदान केंद्र से कुछ दूर पर हुआ था धमाका, निर्दोष कोरांव के अर्जुन की हुई थी मौत



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त

### मतदान केंद्र के बाहर बम धमाका मामले का हुआ राजफाश

बुधवार की दोपहर प्रयागराज के एसएसपी अजय कुमार ने घटना का अनावरण किया। उन?होंने बताया कि मामले में गौस नगर करेली का हसन, मस्तान मार्केट करेली का मोइनुद्दीन उर्फ मुन्ना और गौस नगर का आसिफ उर्फ इन्नी को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से तमंचा और देसी बम बरामद हुआ है। साजिश में शामिल छह आरोपी के नाम प्रकाश में आए हैं, जो अभी फरार हैं।

अखंड भारत संदेश


**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर 27 फरवरी को यूपी विधानसभा चुनाव पोलिंग के दौरान मतदान केंद्र के करीब हुए बम धमाके में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पता चला है कि मतदान केंद्र पर एक शख्स की हत्या कर पूरे जिले की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की तैयारी थी। हालांकि मरने वाला अर्जुन स्थानीय नहीं बल्कि कोरांव का था। इसकी वजह से करेली में माहौल नहीं खराब हो सका था।

### डिप्टी सीएम सहित कई मंत्रियों-दिग्गजों के भविष्य का होगा फैसला

**प्रयागराज।** मतगणना के दौरान दो मंत्रियों समेत कई दिग्गज नेताओं के रिजल्ट पर भी नजर रहेगी। बृहस्पतिवार को आने वाले रिजल्ट से तय होगा कि पार्टी एवं सरकार में इनकी भूमिका क्या बनने जा रही है। पड़ोसी जिले कौशाम्बी की सिराथू सीट पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की प्रतिष्ठा भी दांव पर है।सपा से कड़ी टक्कर की बात कही जा रही है। सूबे की हॉट सीट सिराथू से भाजपा प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सपा से पल्लवी पटेल, बसपा के मुंसब अली उस्मानी तथा कांग्रेस से सीमा देवी समेत 18 उम्मीदवार हैं। प्रयागराज की 12 विधानसभा सीट से दो मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों समेत कई दिग्गज नेता भी भाग्य आजमा रहे हैं। इस सूची में शहर पश्चिमी से भाजपा के सिद्धार्थनाथ सिंह, दक्षिणी से नंद गोपाल गुप्ता नंदी आदि के नाम शामिल हैं। इनके अलावा करछना सपा उम्मीदवार उज्जवल रमण सिंह, उत्तरी से कांग्रेस के अनुग्रह नारायण सिंह को मिले मतों पर भी शहरियों की नजर रहेगी।अनुग्रह नारायण चुनाव जीतते हैं तो वह विधानसभा में चौथी बार पहुंचेंगे। वहीं नंद गोपाल गुप्ता एवं उज्जवल रमण सिंह तीसरी बार विधानसभा में पहुंचेंगे। भाजपा की सरकार बनती है तो नंदी तथा सपा में उज्जवल रमण सिंह का मंत्री बनना भी तय माना जा रहा है।

# विदेशी तालों में कैद है प्रयागराज का ईवीएम

## कड़ी सुरक्षा के बीच कोषागार में रखी गई है चाबी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए वाराणसी में ईवीएम को लेकर शुरू हुए बवाल के बाद पूरे प्रदेश के मतगणना स्थलों पर सपाइयों की भारी भीड़ पहुंच गई। सपा का कहना है प्रशासन के लोग ईवीएम में फेरबदल कर रहे हैं। प्रयागराज में भी सपा के लोग रात में ही मुंडेरा पहुंच गए थे जहां ईवीएम रखी गई है।जबकि हकीकत यह है कि ईवीएम में छेड़छाड़ करना बहुत ही असंभव काम है। ईवीएम को अति सुरक्षित विशेष विदेशी तालों में कैद कर रखा गया है। खास बात तो यह कि तालों को सील करके उसकी चाबी कोषागार मे सीसीटीवी और विशेष सुरक्षा बल की निगरानी में रखी गई है।

**गोली मारने का होता है अधिकार**

ईवीएम को जिस स्ट्रांग रूम में रखा गया है उसके ताले को विधिवत सील किया जाता है। कई तालों के अंदर इस ईवीएम को रखा गया है। इसकी चाबी कोषागार में रखी गई है। इसकी चाबी की रखवाली में विशेष सुरक्षा बल मुस्तैद रहती है। यदि यहां से कोई चाबी लेना चाहे तो वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को इतना अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही गोली मार सकता है।

**डुप्लीकेट चाबी बनवाना असंभव**

स्ट्रांग रूम यानी जहां पर ईवीएम रखा गया है वह ताला विदेश से मंगाए जाते हैं। इतना ही नहीं इसकी डुप्लीकेट चाबी बनवाना कोई आसान काम नहीं होता। यह चाबी मतगणना के दिन यानी 10 मार्च को बिल्कुल सुबह ही कोषागार के विशेष कक्ष से निकाली जाएगी। चाबी निकालते समय जिले के कई अफसर व पुलिस फोर्स भी मौजूद रहती है।

### नंदी ने कहा, एग्जिट पोल के नतीजे देखकर बौखला गए अखिलेश

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बुधवार को मुट्ठीगंज स्थित अपने चुनाव कार्यालय में विपक्ष द्वारा ईवीएम की सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे सवाल एवं हंगामे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा। नंदी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन का जनादेश सर्वोच्च होता है, लेकिन एग्जिट पोल में अपनी पराजय देखकर अखिलेश यादव बौखला गए हैं। वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को ही कोस रहे हैं। इसी वजह से वह अपने कार्यकताओं को भी लगातार उकसा रहे हैं।

नंदी ने कहा कि वर्ष 2017 की तरह इस बार भी जनता गुंडों, माफियाओं, दंगाइयों का सफाया कर देगी। उधर, अपने चुनाव कार्यालय में बने मीटिंग हॉल का भी नंदी ने बुधवार को उद्घाटन किया। यहां उन्होंने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना अभिकताओं के साथ बैठक की। जिसमें मतगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मतगणना अभिकताओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजू पाठक, बृजेश मिश्र, गिरिजेश मिश्र, अनिल केसरवानी, पदुम जायसवाल, केएस अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## डेढ़ कुंतल गांजा के साथ दो अभियुक्तों को एसटीएफ ने पकड़ा, लंबे समय से कर रहे थे गांजा की तस्करी



सुरेन्द्र सिंह उर्फ पल्टन जयदीप

**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र में में एसटीएफ ने गांजा का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपित गिरोह का सरगना भी बताया जा रहा है। दरअसल, दोनों सोनभद्र से कार में गांजा रखकर प्रयागराज के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने दोनों को हंडिया के पास गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने बताया कि कार में 1.40 कुंतल गांजा रखा था जिसकी कीमत 35 लाख रुपए है। 2 आरोपियों में सुरेंद्र कुमार सिंह निवासी बहरैचा, खीरी प्रयागराज व जयदीप राजेंद्र नगर साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद शामिल हैं। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक नवेंदु सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। कई जनपदों में सप्लाई करते हैं गांज तस्कर एसटीएफ के पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्त सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पल्टन ने बताया कि वह पांच-छह वर्ष से यह कारोबार कर रहा है। उसका घर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के सीमा पर है। वहां पर शराब का बड़ा कारोबार करता था। पुलिस की कड़ाई के बाद वहां जब यह कारोबार बंद हो गया तो वह गाजियाबाद चला गया जहां इंदिरानगर स्थित सुभाष भाटी के मकान में रहने लगा।वह जयदीप के साथ मिलकर गाजियाबाद, दिल्ली व आसपास के जनपदों में गांजा का कारोबार करने लगा। यूपी में विधानसभा चुनाव के कारण वह आंध्रप्रदेश से गांजे की खेप नहीं मंगा सका। कुछ युवकों के माध्यम से वह ट्रेन व बस से गांजा मंगाकर यहां बेचता था।

### तैराकी में प्रयागराज की रीना को मिले चार स्वर्ण व दो रजत पदक

**प्रयागराज।** कीडगंज निवासी रीना निषाद को अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर तैराकी चैम्पियनशिप 2 से 7 मार्च 2022 तक कोलम्बो, श्रीलंका में आमन्त्रण मास्टर तैराकी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था जिसमें भारतीय तैराकी टीम में प्रयागराज की रीना निषाद ने भारतीय टीम की ओर से प्रतिभाग किया जिसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय तैराकी टीम को 1200 मी. ब्रेस स्ट्रोक में स्वर्ण पदक, 2100 मी. ब्रेस स्ट्रोक में स्वर्ण पदक, 3200 मी. क्र्ट. में स्वर्ण पदक, 4100 बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक 5200 मी. फ्री स्टाईल रीले में रजत पदक, 6-200 मीडले रीले में रजत पदक भारतीय तैराकी टीम को प्रयागराज की रीना निषाद ने पदक दिलाने में सफल रही। रीना निषाद वर्तमान समय में नई दिल्ली में 16 तैराकी प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।पैरा तैराकी के सचिव राजन निषाद के अनुसार रीना निषाद गऊघाट, प्रयागराज यमुना नदी तट पर बचपन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थी उनके सहयोगी राष्ट्रीय खिलाड़ी राजन निषाद, शिव बाबू निषाद, रवि कुमारा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था एवम् राष्ट्रीय खिलाड़ीयों ने भी रीना निषाद को सतीश राव, रिंकी निषाद, भारत भूषण वार्ष्णेय, राजेश निषाद कोच, रमेश चन्द्र, ज्योति निषाद, कार्तिकेय निषाद, मनोज कुमार पाण्डेय, नितिन निषाद आदि ने भी शुभकामनाऐ दी।

# ईवीएम की सुरक्षा को सपा प्रभारीयों ने मुण्डेरा मण्डी में डाला डेरा

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** बड़ी संख्या मे मतगणना स्थल से ईवीएम मे गड़बड़ी करने की खबरों को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रत्येक विधान सभा मे प्रभारीयों को नियुक्त कर मतगणना और ईवीएम की सुरक्षा सहित बूथवार मतगणना को लेकर प्रभारीयों की नियुक्ती की गई इसी संदर्भ में अभिकर्ता बनाने और निष्पक्ष मतगणना को लेकर आज शहर दक्षिणी प्रत्याशी रईस चन्द्र शुक्ला के कीडगंज काजल सिनेमा स्थित केन्द्रिय चुनाव कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की ओर से प्रेस वार्ता कर शासन व प्रशासन से सही व निष्पक्ष गणना कराने की मांग के साथ चेतावनी भी दीगई के अगर कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सपाई सड़कों पर उतरने के साथ धरना प्रदर्शन करने से नहीं चूकेंगे।शहर व ग्रामीण क्षेत्र विधान सभा के प्रभारी पूर्वमंत्री के के गौतम तथा पूर्वमंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता में कहा की भारतीय जनता पार्टी अधिकारीयों के माध्यम से मतगणना को अपने पक्ष मे करने का ताना बाना बुन कर लोकतंत्र की पवित्र मयार्दा को प्रभावित कराना चाहती है।विभिन्न शहरों मे लगातार इवीएम और मत परची मिलने के साथ तमाम तरहा के औजार सहित मतगणना स्थल में गाड़ीयों का प्रवेश कराने की साजिश का भण्डा फोड़ हो चुका है ऐसे मे सपा कार्यकर्ता सजग प्रहरी की तरहा लगे हुए हैं।के के गौतम और राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा अधिकारी जान ले समाजवादी पार्टी की ही सरकार पूर्ण बहुमत से बन रही है ऐसे मे अनावश्यक व अनाधिकृत कार्य कतई न करें अगर गड़बड़ी की तनिक भी कोशिश की गई तो स्थित सम्भालना शासन व प्रशासन के लिए बहोत मुशकिल हो जायगा।हम समाजवादी किसी भी प्रकार की धांधली को बर्दाश्त नहीं करेंगे।जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव व महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन ने अधिकारीयों से अनुरोध किया की मतगणना निष्पक्ष करें और किसी के दबाव मे काम न करें।शासन व प्रशासन को संविधान की रक्षा करने का दायित्व मिला है ऐसे मे लोकतंत्र की रक्षा करना सभी का फर्ज है।वहीं दूसरी ओर प्रेस वार्ता के उपरान्त ही मुण्डेरा मण्डी मे एक मजिस्ट्रेट की गाड़ी मे चुनाव चिन्ह अंकित परचियाँ मिलने की सूचना व बक्से मे आपत्तिजनक दस्तावेज को लेकर हंगामे की खबर पर तत्काल सपाईयों का हुजूम मतगणना स्थल पर जमा हो गया।देखते ही देखता हजारों की संख्या मे सपा नेता व कार्यकर्ता मुण्डेरा पहुँच गए।शहर उत्तरी प्रत्याशी संदीप यादव ,शहर दक्षिणी प्रत्याशी रईस चन्द्र शुक्ला ,पश्चिमी प्रत्याशी डॉ ऋचा सिंह ,कोराँव प्रत्याशी रामदेव निडर,फूलपूर प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी ,मेजा प्रत्याशी संदीप पटेल समेत अन्य विधान सभा प्रत्याशी लाव लश्कर के साथ मुण्डेरा स्थित मतगणना स्थल पर पहौंचे।अधिवक्ताओं को भी बड़ी संख्या सपाईयों ने फोन कर बुला लिया।मुण्डेरा मतगणना स्थल पर दिन भर अफरा तफरी मची रही कोई भी गाड़ी को बिना जाँच के सपाई अन्दर प्रवेश नहीं होने दे रहे थे।एक एक गाड़ी की सघन जाँच और बोनेट खोल कर इन्जन की तलाशी और गाड़ी मे रखे सामानो की जाँच करने और संतुष्ट होने पर ही अन्दर जाने दिया गया।सपाईयों की अधिकारीयों से कई बार इस प्रकरण पर बहस भी हुई।प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ,महानगर अध्यक्ष सै०इफ्तेखार हुसैन ,महासचिव रवीन्द्र यादव ,पप्पू लाल निषाद ,विजय वैश्य ,महेन्द्र निषाद ,इसरार अन्जुम ,दिनेश यादव ,रईस चन्द्र शुक्ला डॉ ऋचा सिंह ,सन्दीप यादव ,मुश्ताक काजमी ,महबूब उसमानी ,बब्बन द्बे ,तारिक सईद अज्जू ,सै०मो०अस्करी ,महावीर यादव ,मो०तहजीब अली ,जमाल अफजल ,मो०गौस ,अभिमन्यु पटेल ,ओ पी यादव ,सन्दीप सिंह सत्या ,शिवबाबू यादव ,सौरभ यादव रामा ,राजेश शर्मा ,सुहैल सिद्दीकी ,राकेश वर्मा ,रोबिन लोहिया गिहार ,विजय महतो ,जामिन हसन ,जय भारत यादव ,राजेश यादव ,शिव कुमार तिवारी ,मधुकर मिश्रा ,राकेश यादव ,अरशद हुसैन ,सै०आसिफ हुसैन ,आसिफ अन्सारी ,सै०मो०हामिद , मो०हसीब ,मो०सऊद ,नन्हे मंसूरी ,अरशद जैदी ,आशीष पाल ,भोला पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ब्लड डोनर बनने का है सपना : सिद्धार्थ

अखंड भारत संदेश

## अब तक 16 बार कर चुके हैं जरूरत मंद लोगों के लिए रक्तदान




**प्रयागराज।** लगन व पक्का इरादा हो तो व्यक्ति अपने सपने को साकार कर सकता है। धीरे धीरे उस सपने को हकीकत में बदल सकता है। बता दें कि मूलतः देवरिया जिले के रहने वाले सिद्धार्थ ने अपनी शुरुआती दिनों की पढ़ाई करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय आकर बीए में दाखिला लिया और इसी बीच उनमें लोगों के लिए कुछ करने की चाहत उठी। पहली बार बीए प्रथम वर्ष में उन्होंने एक कैम्प में अपना ब्लड डोनेट किया तब से अब तक वे कुल 16 बार ब्लड जरूरतमंद लोगों को डोनेट कर चुके हैं। सामाजिक सेवा के इस कार्य में कुछ बड़ा करने की सोच रखने की दिशा में उन्होंने इंदूस्थली फाउंडेशन नामक एक संस्था बनायी जिसके वे प्रेसीडेंट हैं। संदीप गुप्ता (सिद्धार्थ ) ने विगत 8 वर्षो से कई बार स्वैछिक एवं जरूरत मन्द लोगों को रक्त देने एवं दिलाने मे सहयोग किए हैं। इन्होने बताया की रक्त दान सबसे बड़ा दान हैं इससे शरीर मे कोई समस्या नही होती हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार रक्तदान इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन मे किया। उसके बाद निरंतर जब किसी जरूरत मन्द व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़ी तो उन्होने ब्ल्ड देने में अहम भूमिका निभायी। विगते 6 मार्च 2022 को इन्होने 16 वीं बार इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन चैरीटेबल ब्ल्ड सेंटर प्रयागराज मे ब्ल्ड डोनेट किया। इस सम्बन्ध में उन्होने अखण्ड भारत संदेश को बताया की उनका सपना राष्ट्रीय ब्ल्ड डोनर बनने का है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इंदूस्थली फाउंड़ेशन संस्था द्वारा स्वास्थ के अलावा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए वृक्षारोपण वे प्रयागराज में कई जगह कर रहे हैं। शहीदों के शहादत पर गरीबों में भोजन वितरण के अलावा गरीब बच्चो के लिए प्रदेश के हर जनपद मे पाठशाला खोलना की मुहिम चला रखी है जहां उन बच्चों की निशुल्क पढ़ाई हो सके।

### मुंगेरी लाल की तरह सपने ही देखते रह जाएंगे अखिलेश : सिद्धार्थ नाथ

**प्रयागराज।** सूबे के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने अपने राजापुर स्थित आवास पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा। कहा कि अखिलेश यादव सपने जरूर देखें, लेकिन उनके सभी सपने मुंगेरी लाल के सपने की तरह ही रह जाएंगे। वह अभी एक रात और सपना देख लें। बृहस्पतिवार को मतगणना के बाद वह ईवीएम का राग अलापना शुरू कर देंगे।राजापुर स्थित आवास पर शहर पश्चिम विधानसभा के मतगणना अभिकताओं को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि जनता का आशीर्वाद इस बार भी भाजपा को मिल रहा है। अब हम सभी को अनुशासित तरीके से काउंटिंग को जीत के साथ संपन्न करवाना है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मतगणना प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों से रूबरू कराते हुए हर पहलुओं पर प्रकाश डाला।कहा कि जहां कहीं भी गड़बड़ी समझ में आए तुरंत मतगणना अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवाई जाए। जब तक मतगणना खत्म न हो तब तक मतगणना अभिकर्ता वहां डटे रहे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि बृहस्पतिवार की सुबह भाजपा के लिए शुभ हैं।मतगणना में नजर न चुकने पाए। इस दौरान राघवेंद्र नाथ सिंह, पार्षद अखिलेश सिंह, राजेश कुशवाहा, दयाशंकर पाठक, दिनेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# हिरासत से भागे बदमाश की तलाश में छापेमारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हिमाचल प्रदेश से पुलिस कस्टडी से भागे शातिर बदमाश डेविड की तलाश में की गई छापेमारी कोतवाली और शाहगंज पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन गई है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिसकर्मियों द्वारा दबिश की सूचना अफसरों को न देना और लिखापढ़ी न करना उनकी कार्यप्रणाली पर अंगुली उठा रहा है। यही नहीं, शातिर अपराधी के हाथ न लगने पर पुलिस ने उसके सात शरणदाताओं को हिरासत में लेने के बाद छोड़ देने का मामला भी गले की फांस बन गया है। अब जांच के दायरे में आए पुलिसकर्मी अपने बचाव के लिए रास्ता तलाश रहे हैं।

## एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया

नारकोटिक्स टीम का प्रभारी महावीर सिंह सप्ताह भर पहले कोतवाली और शाहगंज थाने पहुंचे और यहां से तीन चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों को लेकर जानसेनगंज स्थित एक लाज में दबिश दी। यहां अपराधी डेविड तो नहीं मिला, लेकिन लाज में मौजूद सात लोगों को पकड़ लिया गया था। इन सभी को कोतवाली थाने लाया गया। रात भर पूछताछ की गई और दूसरे दिन सुबह छोड़ दिया गया। आश्चर्य की बात यह रही कि इस पूरे प्रकरण की तीन-चार दिन तक किसी भी अफसर को भनक तक नहीं लगी, लेकिन तीन दिन पहले अचानक यह मामला सुर्खियों में आ गया। एसएसपी अजय कुमार को जब पता चला कि उन्होंने इसे बड़ी गंभीरता से लिया और एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल को जांच सौंप दी।इस पूरी कार्रवाई को लेकर कोतवाली इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद लगातार इंकार करते रहे। वह यही कह रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश की पुलिस के साथ जिले की एसओजी की टीम ने दबिश दी थी, लेकिन कहां दबिश दी गई थी और क्या पूरा मामला था, इसकी जानकारी उनको नहीं है। ताज्जुब है कि जिस थाने के वह प्रभारी हैं, उसी थाने में रातभर सात लोगों को रखा गया। सभी से पूछताछ होती रही और इसकी भनक इंस्पेक्टर को न लगना भी बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### पुलिसकर्मियों पर गाज गिरनी तय

जिस प्रकार से इस पूरे मामले को लेकर एसएसपी अजय कुमार ने सख्ती दिखाई है, उससे यह लगभग तय है कि इसमें जो भी पुलिसकर्मी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रथमदृष्टया मामले की लिखापढ़ी न करने से ही पुलिसकर्मी संदेह के घेरे में आ गए हैं।

# बदमाशों ने कोचिंग क्लास से निकालकर छात्र को मारा चाकू, मौत

## सुबह घर से कोचिंग पढ़ने के गया था छात्र



छात्र का शव पहुंचने पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने गए छात्र को बाइक सवार बदमाशों ने चाकू मार दिया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कंधई थाना क्षेत्र के कर्मा ही गांव निवासी संजय सिंह का बेटा सागर कक्षा 12 का छात्र है। वह रोज की तरह घर से साईकिल से सुबह बुधवार पट्टी-प्रतापगढ मार्ग पर स्थित वीर मऊ गांव के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने गया था। इसी दौरान पल्सर सवार दो बदमाश पहुंचे और कोचिंग पढ रहे छात्र को बाहर बुलाकर सीने में चाकू मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। यह सब नजारा देखकर कोचिंग पढ़ने आए छात्रों में अफरा-तफरी का मच गई। वहीं बाइक सवार घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी कंधई ने घायल छात्र को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत उसे घोषित कर दिया। सुबह हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

## मोबाइल से बुलाकर युवक की कर दी हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुवा रोसइयापुर का रहने वाला राकेश कुमार पटेल (28) की बीती रात हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि मंगलवार की रात लगभग नौ बजे वह घर में सोने की तैयारी कर रहा था। घर में उसकी पत्नी सुनीता और एक बेटी व एक बेटा भी थे। इसी बीच उसे मोबाइल पर फोन आया और उसने कहा कि तुम लोग सो जाओ, मैं चैराहे से लौटकर आता हूँ। लेकिन वह रात में नहीं लौटा। घरवाले सो गये थे। सुबह जब युवक नहीं लौटा तो उसकी पत्नी अपने बेटे को लेकर ठीक उसी स्थान पर पहुंच गई, जहां उसके पति की हत्या हुई थी। इस बात से लोग अचंभित थे और तरह-तरह की चचाएं कर रहे थे। बताया जाता है कि मृतक युवक राकेश कुमार पटेल चंडीगढ़ में रहता था। दो माह पूर्व अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर अपने घर आया था। बीती रात वह एक साजिश के तहत मार डाला गया। आज सुबह पुलिस के थानाध्यक्ष लगभग डेढ़ घंटे बाद पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया तथा मामले की छानबीन कर रही है।



मृतक के रोते-बिलखते परिजन।

# कलयुग में कृष्ण कीर्तन ही मुक्ति का उपायः ज्ञान प्रकाश

## कुशहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुशहा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह की कथा मुख्य यजमान पंडित अमृतलाल पांडे एवं शिव कुमारी पांडे जी को श्रवण कराते हुए कथा व्यास परम श्री वैष्णव पंडित ज्ञान प्रकाश महाराज बड़े भक्तमाल गौ सेवा ट्रस्ट श्रीधाम अयोध्या ने कहा कि संसार में समस्त जीव भगवान को प्रिय हैं।

दत्तात्रेय जी ने अपने जीवन में 24 गुरु बनाया जिसमें पृथ्वी वायु आकाश जल अग्नि सहित चंद्रमा कबूतर अजगर भंवरा मधुमक्खी और अंत में वेश्या को भी गुरु बनाया। समस्त से कुछ न कुछ ज्ञान प्राप्त किया। अंतिम गुरु अपने शरीर को बनाया शरीर हमें यह ज्ञान देता है कि 5 मिनट पहले मैं जैसा था अब वैसा नहीं हूं अभी जैसा हूं वैसा 2 मिनट बाद नहीं रहूंगा, क्योंकि मैं आत्मा हूं शरीर बदलता है आत्मा बदलने वाली नहीं है। कलयुग में कृष्ण कीर्तन ही मुक्ति का उपाय है। इस अवसर पर धमाचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि बहने वालों में जैसे गंगा श्रेष्ठ हैं देवताओं में अच्युत कृष्ण श्रेष्ठ हैं वैष्णवों में शंकर श्रेष्ठ है वैसे पुराणों में श्रीमद्भागवत सबसे श्रेष्ठ है। क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे पुराणों में भागवत सर्वोत्तम है। इसमें भक्ति ज्ञान वैराग्य की त्रिवेणी बहती है। ऐसी भागवत रूपी त्रिवेणी में जो अवगाहन करते हैं उसे गोविंद मिल जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष दुबे पूर्व सभासद डॉक्टर नरेंद्र तिवारी दीपक पांडे एडवोकेट सूरज पांडे नीरज पांडे धीरज पांडे सदानंद जी महाराज सदाशिव पांडे एडवोकेट गंगाधर पांडे सरयू प्रसाद पांडे दुर्गेश पांडे आचार्य जी शिवानंद पांडे सतीश पांडे हरीश पांडे आशुतोष तिवारी संतोष पांडे इंजीनियर चंडिकेश अमन ओम अंशु हर्षित सहित क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया।



श्रीमद् भागवत कथा कहते ज्ञान प्रकाश महराज।


# सपा कार्यकर्ता मण्डी समिति के गेट पर बैठकर कर रहे ईवीएम की रखवाली

## किसी भी परिस्थिति के तैयार रहें सपा के पहरेदारः मतगणना प्रभारी मान सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मतगणना स्थल महुली मण्डी के गेट पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बैठकर ईवीएम की रखवाली कर रहे है। यह जानकारी देते हुए सपा के मीडिया प्रभारी वकार अहमद ने बताया कि प्रदेश में कई स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी की संभावना को लेकर सपा सशंकित है, इसलिये समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता महुली मण्डी के गेट पर जमे हुए हैं।

इसी क्रम में आज नगर के एक होटल में सपा के मतगणना प्रभारी मान सिंह एमएलसी ने पत्रकारों से कहा कि किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर हर परिस्थिति के लिये सपा के पहरेदार तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी या एजेंटों की जानकारी के बाद ही किसी भी वस्तु के मतगणना परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाए। पत्रकारवार्ता में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, रानीगंज के सपा प्रत्याशी डा0 आरके वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



मण्डी समिति के गेट पर बैठकर पहरेदारी करते सपा कार्यकर्ता।

# मतगणना कार्मिकों को संत अंथोनी इंटर कालेज में दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की 10 मार्च को होने वाली मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशा प्रिया के नेतृत्व में सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में 569 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण की निरन्तर निगरानी करती है और मतगणना कार्मिकों को सचेत करते हुये कहा कि यदि प्रशिक्षण के दौरान कोई भी समस्या या शंका है तो उसका निराकरण मास्टर टेज्नर से अवश्य करा लें। मतगणना स्थल पर सभी कार्मिक प्रातः 6 बजे अवश्य पहुँच जाये, मतगणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाये। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया एवं मतगणना को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान विधानसभा रामपुरखास के सामान्य प्रेक्षक के0 राजेश व विधानसभा पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर भी मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और मतगणना के दिन क्या-क्या सावधानियॉ बरतनी है, कौन-कौन से प्रपत्र भरने है इसकी जानकारी दी। मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण में पर्यवेक्षक, ए0आर0ओ0, माइक्रो आब्जर्वर सहित अन्य अधिकारी सम्मिलित हुये। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, पोस्टल बैलेट प्रभारी मनोज दूबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सामान्य प्रेक्षक द्वारा किया गया निरीक्षण



प्रशिक्षण का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक।

## मारपीट को लेकर आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पीड़िता व परिजनों के साथ मारपीट को लेकर दर्जन भर नामजद व पांच से सात अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर मे घुसकर मारपीट, तोड़फोड तथा बलवा समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। कोतवाली के गहरी निवासी अनीस की पत्नी शाहिदा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात मार्च को जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियो ने लाठी डण्डे से लैस होकर उसके घर घुसकर मारपीट की। विपक्षी गांव के सईउद्दीन के पुत्र रईस तथा रईस के पुत्र सातिल व आमिर, युसुफ के पुत्र इस्तियाक, एजाज व समीर, युसुफ की पुत्री गुलशूर तथा सानिया पुत्री रईस व उसकी पत्नी रईसा, मैमुल पत्नी युसुफ, कैसरअली पत्नी इस्तियाक, साजिदा पत्नी एजाज व पांच से सात अज्ञात आरोपियों ने घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए परिवार के सदस्यों पर भी जानलेवा हमला किया। घटना मे पीड़िता अधिक चोट लगने के कारण बेहोश हो गयी। आरोपियो ने घरेलू सामान मे जमकर तोडफोड भी की। शोर मचने पर आरोपी गाली गलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी रईस समेत दर्जन भर नामजद तथा पांच से सात अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# यूपी में बनेगी कांग्रेस की निर्णायक भूमिका वाली गैर भाजपा सरकारः प्रमोद

## एग्जिट पोल को सीडब्ल्यूसी मेम्बर ने किया खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने हालिया विधानसभा चुनाव को लेकर सर्वे नतीजों को सिरे से खारिज करते हुए सभी पांच राज्यों मे कांग्रेस की जीत का दावा किया है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिखाये जा रहे एग्जिट पोल मे कोई सच्चाई नही है यह केवल एक फीसदी लोगों की तुरत-फुरत जुटाई गयी राय का आधारहीन पहलू है। उन्होंने कहा कि मंहगाई तथा बेरोजगारी व छुटटा जानवर एवं सत्ता के अहंकार के खिलाफ जनता ने जो जनादेश दिया है वह मतगणना के बाद यूपी से भाजपा के सत्ता से हटने का जनता की जीत का जनादेश होगा।

बुधवार को कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि यूपी मे प्रियंका गांधी के बयान से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस प्रियंका गांधी के राजनैतिक नेतृत्व मे गैरभाजपा सरकार के गठन मे निर्णायक भूमिका निभायेगी। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा ने पिछली बार सैंतालिस उन सीटों जहां पांच हजार से कम और सत्रह उन सीटों जहां दो हजार से कम का अंतर था, मतगणना के दौरान दबाव बनाकर जीत का दांव चल रही थी। प्रमोद तिवारी ने कहा कि बनारस मे जिस तरह से वाराणसी में ट्रक मे ईवीएम मशीन पकड़ी गयी वह भाजपा की नीयत पर फिर संदेह उत्पन्न कर गयी है। उन्होने कहा कि वाराणसी के कमिश्नर का बयान कि यह एक प्रोटोकॉल के तहत प्रोसीजर मिस्टेक थी, उस स्थिति मे जबकि विपक्ष को विश्वास मे नही लिया गया जनता के भी गले नही उतर रहा है।

## किशोरी के साथ छेडछाड व मारपीट, केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड तथा मारपीट को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे वंशी निवासी हयात की पत्नी नन्हीं ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ मार्च को गांव के अनीस अहमद पुत्र वाहिद ने गांव की एक दुकान से सामान लेकर वापस लौट रही उसकी तेरह वर्षीया पुत्री सानिया के साथ छेडछाड की। सानिया के विरोध करने पर आरोपी ने उसे गाली देते हुए मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनीस के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने किशोरी से जुड़ी घटना को लेकर मुकदमें मे पॉस्को एक्ट की धारा मे बढोत्तरी की है।

## तहसील परिसर से अधिवक्ता की बाइक उड़ाई, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर से दिनदहाड़े अधिवक्ता की बाइक चोरी होने की घटना को लेकर वकीलों मे नाराजगी दिखी। अधिवक्ता बनारसी पटेल की बाइक सात मार्च को तहसील से अज्ञात चोर उड़ा ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात बाइक चोरी का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के बुढ़ियापुर निवासी अधिवक्ता बनारसी पटेल सात मार्च को अपने ससुर मुरारी लाल की बाइक लेकर तहसील आये थे। दोपहर बाद कैम्पस मे बाइक न देख वह आवाक रह गये। तहसील परिसर से बाइक चोरी की घटना को लेकर साथियों मे आक्रोश भी देखा गया। अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह की अगुवाई मे कोतवाली पहुंचकर घटना पर आक्रोश जताया। पुलिस ने वकील की तहरीर पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया।

# मतगणना के लिये हुई है चाक-चौबंद व्यवस्था

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होती मतगणना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधान सभा चुनाव की मतगणना की तैयारी चाक चैबंद ढंग से की गई है। चिलबिला-पट्टी मार्ग पर स्थित महुली मण्डी में नगर पालिका साफ-सफाई हफ्तों से कर रही थी। आज भी पूरे परिसर की सफाई के बाद दो बडे.व 22 छोटे डस्टबिन रखे गये हैं जिससे लोग जगह-जगह गंदगी न फैलाएं। इसके अलावा चार पानी के बडे. टैंकर, तीन मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था नगर पालिका ने की है।

जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल बराबर मतगणना स्थल पर नजर रखे हुए हैं। मतगणना के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया है जिसमें अर्द्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने केन्द्रीय बलों सहित मतगणना में लगने वाले पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

बता दें कि सातों विधान सभा की मतगणना अलग-अलग चेम्बर में होगी। हर चेम्बर के बाहर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल तैनात रहेगा। पूरे मण्डी परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। समाचार संकलन के लिये चुनाव आयोग ने पास जारी किये हैं। केवल पास होल्डर ही मीडिया सेंटर तक जा सकेंगे। मतगणना की फोटो केवल कैमरे से पासधारी फोटोग्राफर ही खींच पाएंगे। मोबाइल का प्रयोग वर्जित किया गया है, लेकिन पत्रकारों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट है। कल प्रातः चिलबिला से महुली मण्डी तक वाहनों के चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

## होली पर अवैध शराब की रोकथाम के लिए चौकीदार किये गये अलर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** होली तथा चुनाव परिणाम को लेकर गांवों मे अवैध शराब पर निगरानी को लेकर पुलिस ने चैकीदारों को एलर्ट किया है। बुधवार को कोतवाली परिसर मे चैकीदारों को गांवों मे चैकसी बरतनें के लिए टार्च तथा सीटी व मॉस्क समेत अन्य जरूरी सामग्रियां वितरित की गयी। वहीं चैकीदारों की बैठक मे प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल तथा आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने होली के त्यौहार को देखते हुए किसी भी गांव मे अवैध शराब निर्मित किये जाने की गोपनीय सूचना फौरन दिये जाने को कहा। आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए आबकारी एवं पुलिस टीम की आकस्मिक छापेमारी अभियान तेज की जाएगी।

## मतगणना के दौरान रुट रहेगा डायवर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि महुली मण्डी समिति में होने वाली मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये रूट डायर्वजन एवं पार्किंग व्यवस्था की है। उन्होने बताया है कि प्रेक्षक/जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक/आर0ओ0 के वाहनों की पार्किंग महुली मण्डी समिति के अन्दर पार्किंग करायी जायेगी।

पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग महुली मण्डी समिति के सामने एफ0सी0आई0 में करायी जायेगी। मतगणना कार्मिकों/पुलिस कर्मियों/मीडिया के वाहनों की पार्किंग महुली मण्डी समिति के सामने एफ0सी0आई0 में करायी जायगी। चिलबिला की ओर से आने वाले प्रत्याशियों/मतगणना एजेन्टों के चार पहिया वाहन की पार्किंग की व्यवस्था मैरिज लॉन श्री पैलेस में व दो पहिया वाहनों की पार्किंग रेखा सदन में होगी। पट्टी की ओर से आने वाले प्रत्याशी/मतगणना एजेन्टों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था महुली नहर के पास बाग में करायी जायेगी। जिलाधिकारी ने रूट डायवर्जन के सम्बन्ध में बताया है कि मदाफरपुर मोड़ से पट्टी/रानीगंज/भुपियामऊ की तरफ तथा पट्टी/रानीगंज/भुपियामऊ से मदाफरपुर मोड़ की तरफ डाइवर्ट किया जायेगा। महुली नहर के पास से दो तरफ डाइवर्जन जिन्हें शहर जाना हो चैखड़ होते हुये मकन्दूगंज तथा जिन्हें सुल्तानपुर चिलबिला हाईवे जाना हो तो वही नहर से दूसरी तरफ से डाइवर्ट किया जायेगा। पट्टी से भी वाहनों को मदाफरपुर/रानीगंज/भुपियामऊ की तरफ डाइवर्ट किया जायेगा।

# अधेड़ की मौत पर तीन के खिलाफ हत्या का केस, तनाव के बीच हुआ अंतिम संस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाज के दौरान अधेड़ की हुई मौत को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ हत्या तथा धमकी का केस दर्ज किया है। हालांकि मृतक के शव के अंतिम संस्कार को लेकर बुधवार को सुबह घण्टों तनाव का माहौल भी देखा गया। पुलिस की मौजूदगी मे दोपहर परिजनों ने गांव मे ही अपने खेत मे मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली के श्रीरामपुर सॉरीपुर निवासी रामदेव पटेल पुत्र भगवत ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सात मार्च को शाम चार बजे उसका पुत्र शेर बहादुर उर्फ शेरू रानीगंज कैथौला बाजार गया था।

शाम को लोगों ने बताया कि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हाइवे के किनारे खून से लथपथ पड़ा है। परिजन घायल को इलाज के लिए लालगंज सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव पुलिस ने कब्जे मे लेकर पीएम के लिए मंगलवार को भेजवाया। देर शाम मृतक के पिता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सारीपुर के पुतन तथा ननकुल्ली पुत्र राजाराम पटेल एवं जगन्नाथपुर के केदारनाथ के पुत्र छेदीलाल ने उसके बेटे की हत्या कर दी। तहरीर मे कहा गया है कि जमीनी विवाद को लेकर आरोपियो द्वारा उसे कुछ माह पहले जानलेवा धमकी दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ हत्या का केस मंगलवार की रात दर्ज कर लिया।

बुधवार की सुबह परिजन अपने खेत मे मृतक का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुये किंतु विपक्षी को इस बात का ऐतराज था कि अंतिम संस्कार उसके दरवाजे के सामने किया जा रहा है। जानकारी मिलने पर कोतवाल कमलेश पाल गांव पहुंचे और लोगों को समझाबुझाकर माहौल शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने खेत मे ही अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इधर मृतक शेरू की मौत को लेकर बुधवार को अंतिम संस्कार के समय भी उसकी पत्नी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल देखा गया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 124 वाहनों का ई चालान किया गया।

### शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लवलेश पुत्र निर्पत निवासी घोघपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# चार अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

## 22 किलो 600 ग्राम गांजा तीन मोबाईल फोन रुपए व चार पहिया वाहन किया गया बरामद




पुलिस गिरफ्त की में गांजा तस्कर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध गांजा तस्करी व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कौशाम्बी पुलिस रमाशंकर सरोज मय फोर्स द्वारा 08 मार्च 2022 को क्षेत्र भ्रमण रात्रि गश्त व वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति वाहन को बैगवा तिराहे से 100 मीटर अन्दर रसूलपुर बड़गाव रोड पर अभियुक्तगण रवि तिवारी उर्फ शरद पुत्र उमाकान्त तिवारी निवासी कादीपुर थाना मंझनपुर चांदबाबू पुत्र अनीश अहमद निवासी ग्राम घना का पुरवा थाना मझनपुर सबरोज अहदम पुत्र महमूद अहमद निवासी समदा चौराहा थाना मझनपुर तथा प्रमोद कुमार पुत्र श्रीश्याम मिश्रा निवासी बसुहार थाना सरायअकिल को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 22 किलो 600 ग्राम अवैध गाजा व एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन व जमा तलाशी के दौरान तीन अदद मोबाईल फोन 1100 रुपये तथा एक सफेद रंग की चार पहिया वश 300 कार बरामद कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

## पुलिस करती रही गस्त शटर तोड़ कर साढ़े चार लाख के मोबाइल उठा ले गए चोर

**मोबाइल शॉप की दुकान में साढ़े चार लाख कीमत के मोबाइल चोरी में पुलिस के हाथ खाली**

**पहले भी हो चुकी है कई वारदात खुलासे के नाम पर पुलिस फिसड्डी**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरूवा चौराहे पर बीती रात मोबाइल की एक दुकान से साढ़े चार लाख रुपए कीमत का मोबाइल वा अन्य सामान चोर उठा ले गए है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासे में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है इलाके में कई घटना को गिरोह के सदस्य पहले भी अंजाम दे चुके हैं पुलिस के गस्त करने के बाद भी चोरो ने घटना को आजम दे दिया चौराहे पर पुलिस क्रिकेट की ड्यूटी लगती है लेकिन लगातार चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं और हल्का पुलिस का बाल बांका नही हो सका है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अरई सुमेर पुर गांव निवासी विकास कुमार केसरवानी पुत्र सुरेश चाँद केसरवानी ने बेरूवा चौराहे पर एक मोबाइल की दुकान खोल रक्खी है विकास रोज की तरह सोमवार की शाम को अपनी दुकान के शटर में ताला बंद करके अपने घर चले गए जब मंगलवार सुबह विकास कुमार केसरवानी दुकान को खोलने दुकान पहुँचे तो शटर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए चोरों ने बीती रात दुकान से लगभग 50 पीस एंड्राइड मोबाइल फोन और 30 कीपैड फोन उठा ले गए जिसकी कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये बताया जा रहा है सूचना पीड़ित विकास ने मंगलवार की सुबह चरवा पुलिस को दिया है सूचना मिलते ही चायल सीओ ने घटना स्थल का मुआयना किया है एसओ टीम भी मौके पर पहुची है।

## अच्छा इलाज केवल शहरों में हो यह भ्रांति खत्म हुई : डा. विजेता



**अपार संभावनाओं के बाद भी नहीं चुना लक्जरी जीवनशैली का विकल्प, निजी अस्पतालों के लंबे खर्चे की झंझट में नहीं पड़ती यहाँ की महिलाएं गाँव की महिलाओं का सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बढ़ता जा रहा भरोसा**

**कौशांबी।** अपार संभावनाओं के बाद भी कुछ लोग जीवन में शोहरत व लक्जरी जीवनशैली का विकल्प न चुनकर वो चुनते हैं मुश्किल डगर, जहां उनकी उपस्थिती जरूरतमंदों को जीवन से प्रेम करना सिखाए। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम एक खास व्यक्तित्व की बात कर रहे हैं जो जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा में तैनात महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ॰ विजेता सिंह हैं। इनकी नियुक्ति जहां भी रही इन्होने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्र की महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति घर-घर जाकर जागरूक किया है। इस प्रयास के कारण ही अब यहाँ की महिलाएं निजी अस्पतालों के लंबे खर्चे की झंझट में न पड़कर अपने क्षेत्र में स्थित सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पूरे भरोसे के साथ अपना इलाज करवा रही हैं। डॉ॰ विजेता के पिता कमलेश सिंह व माता पुष्पा सिंह शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इनकी स्कूलिंग कानवेंट स्कूल व मेडिकल की तैयारी गाजियाबाद जैसे मैट्रो सिटी में रहकर पूरी होती है। बचपन से पढ़ने में तेज तर्रार विजेता ने मेहनत को सीढ़ी बनाया व चिकित्सक बनने के सपने को पूरा किया। पब्लिक सर्विस कमीशन की मेडिकल परीक्षा पास कर मेडिकल ऑफिसर के पद पर जनपद कौशांबी के चायल सीएचसी में पहली नियुक्ति ली। लग्जरी जीवनशैली का मोह त्यागकर बीते दस वर्ष से ग्रामीण क्षेत्र में इन्होने कई सीएचसी व पीएचसी में बतौर महिला विशेषज्ञ के तौर पर सेवा दी है।उन्होने बताया कि ह्यचायल सीएचसी में नियुक्ति के शुरुवाती कार्यकाल में मैंने देखा की यहाँ की महिलाएं अपने स्वास्थ्य को लेकर लगभग न के बराबर जागरूक थीं। इनके मन में यह धारणा बैठ चुकी थी कि अच्छा व सुरक्षित इलाज केवल शहरों में होता है। इसी भ्रांति को खत्म करना मेरे लिए पहली और सबसे बड़ी चुनौती रही। इसके लिए मैं जहां भी नियुत रही मैंने ग्रामीण इलाकों में

# डीएम एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

## मतगणना को शांतिपूर्ण पारदर्शी एंव सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराये सम्पन्न



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम एसपी व अन्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ओसा मंडी समिति में बनाया गया स्ट्रांग रूम का चुनाव प्रेक्षक जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने निरीक्षण किया एंव स्ट्रांग रूम में लगे सुरक्षा बलों की जानकारी प्राप्त की साथ ही मतगणना स्थल का जायजा लिया इस दौरान 10 मार्च को होने जा रही मतगणना की तैयारियों की पूर्ण जाँच की तथा मतगणना को शांतिपूर्ण पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए है इस मौके पर चुनाव प्रेक्षक जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक एसडीएम एंव अन्य अधिकारी गण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से कराए सम्पन्न : एसपी

### ओसा की तरफ जाने वाले रास्ते का रूट रहेगा डायवर्ट

**कौशांबी।** 10 मार्च को विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जिसमें अर्धसैनिक बल पुलिसकर्मी आदि लोगों की तैनाती रहेगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि ओसा मंडी में स्ट्रांग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है और सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मतगणना स्थल को चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर दी गई है व पुलिस अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है चुनाव आयोग के निर्देशन में ओसा की तरफ जाने वाले रास्ते को डायवर्ट किया गया है मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कहा गया है व मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस व अर्धसैनिक बल के अधिकारी कर्मचारी गणों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## डुप्लीकेट प्रोडक्ट के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल तथा सुरेश कौशिक रिजनल पेक आईपी राजीव कुमार सीनियर इन्वेस्टिगेशन चेक आईपी गुडगांव हरियाणा टीम द्वारा 08 मार्च 2022 को दो अभियुक्त अभिषेक चतुर्वेदी पुत्र दिलीप चतुर्वेदी निवासी शिवकहा थाना गुरबक्शगंज जनपद रायबरेली व मोहम्मद आसिफ अंसारी पुत्र हबीब अहमद निवासी भिस्ती टोला मूसा शाह बाबा का मजार थाना रेल बाजार जनपद कानपुर नगर को मूरतगंज कस्बे से डुप्लीकेट प्रोडक्ट इफ्डडङ इडठऊ ळअेअ ळएअ कुल 10650 पैकेट (35 ग्राम प्रत्येक) रवफ्क्षएएछए 11400 पैकेटर 80 ग्राम प्रत्येक) ऊडश्ए रल्अटढडड 12128 पैकेट (4.2टछ प्रत्येक) उछक्क्ठक्क ढछअउए रल्अटढडड 433 पाऊथ (प्रत्येक 4 टछ) एठड 195 पाउय (05 ग्राम प्रत्येक पाउच) घडी डिटर्जेंट पाउडर रैपर 1195 (1 ङ्क्ष प्रत्येक) ळअअेअ ळएअ रेपर 30 एश्एफ्ष्रळ मसाला कुल 7 बैग बरामद होने पर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# घायल किशोरी के पिता की इलाज के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

## छह दिन बीत जाने के बाद भी अपहरणकताओं को पकड़ने में नाकाम रही पिपरी पुलिस, आक्रोशित परिजनों ने पिपरी पुलिस के ऊपर आरोपियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

**कौशाम्बी।** एक पिता के आखों के सामने अपहरणकर्ता उसकी बेटी का अपहरण करना चाहते थे यह दृश्य देखकर पिता ने विरोध किया तो अपहरणकताओं ने किशोरी के पिता के ऊपर ईंट पत्थर बरसाकर भाग गए जिससे घायल किशोरी के पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई जंग बहादुर के मौत की खबर सुनकर रिश्तेदार और परिजनों के बीच हाहाकार मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरी पुलिस लिखा पढ़ी कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी छह दिन बीत जाने के बाद भी सभी अपहरणकर्ता पुलिस की गिरफ्त से काफी दूर हैं और पिपरी पुलिस हांथ पर हांथ रखकर जंगबहादुर की मौत का इंतजार कर रही थी आक्रोशित परिजनों ने पिपरी पुलिस के ऊपर आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया हैं। पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर गांव में बीते शुक्रवार के दिन घर के सामने बांधे मवेशी को चारा पानी देने गई किशोरी को कार सवार दबंगों ने अपहरण करने की नियत से जबरन घसीट कर कार में बैठाने की कोशिश की थी लेकिन किशोरी चीखने चिल्लाने लगी तो किशोरी की आवाज सुनकर परिजन कार सवार अपहरणकताओं को घेर लिया अपहरणकर्ता अपने आपको घिरता हुआ देखकर ईंट पत्थर बरसाते हुए भाग निकले अपहरणकताओं द्वारा बरसाए गए ईंट पत्थर से किशोरी के पिता जंगबहादुर गंभीर घायल हो गए थे और उनका इलाज प्रयागराज जनपद के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा था छह दिन तक जंगबहादुर जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा थे लेकिन अंत में जंगबहादुर की इलाज के दौरान जंग हार गए।

# गड्डों में तब्दील सड़क बनकर हुई तैयार

## सड़क की खबर को अखंड भारत अखबार ने अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से किया था प्रकाशित

**अखंड भारत संदेश**



बनी सड़क का दृश्य

**भरवारी कौशाम्बी।** जनपद के बेरुआ गावँ स्थित सेन्ट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल के ठीक सामने सड़क गड्डो में तब्दील हो गई थी जिसकी वजह से आय दिन स्कूली बच्चो को गड्डो भरी सड़को पर गिरकर घायल हो जाया करते थे अखंड भारत संदेश के पत्रकार ने खबर को अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके चलते बच्चो के अभिभावको में भी जबर्ददत आक्रोश था इसी बीच अखंड भारत संदेश अखबार की टीम मौके पर पहुच कर गड्डो में तब्दील हुए सड़क की फोटो लेकर अखबार में प्रकाशित किया जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपनी कुम्भकर्णीय नींद से जाग कर अपने द्वारा किये गये सौतेले व्यवहार पर अधूरीनिर्माण व बन रही सडक पर दुःख ब्यक्त किया और यथा शीघ्र सड़क बनवाने की बात कही सड़क बनकर तैयार हो गये साथ ही कॉलेज परिसर में असेम्बली में प्राचार्य द्वारा सभी टीचरों व बच्चो के सम्मुख लोक निर्माण के अधिशासी अभियंता व अखंड भारत संदेश के पत्रकार राजू सक्सेना के प्रयाश का जिक्र करते हुए नाम लेकर धनयवाद दिया जिस पर सभी शिक्षकों व बच्चो ने ताली बजाकर स्वागत किया। इस बीच प्रचार्य डॉ एम डिसूजा सेन्ट फ्रांसिस स्कूल ने जरिये धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोगो की मेहनत की वजह से हमारे स्कूल के बच्चो को आने जाने में परेशानी हो रही थी जिसका आज समाधान भी हो गया इसके लिए आपकी पूरी टीम धन्यवाद के पात्र है।

## सच्चाई खुलने से बौखलाए अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा

**नगर पंचायत चरवा और चायल में सरकारी विकास कार्यों में धांधली कर करोड़ों की रकम का हुआ गोलमाल**

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में गोसंरक्षण केंद्र का उद्घाटन कर एक दर्जन पशुओं को गौ संरक्षण केंद्र में देख रेख के लिए रखा गया था लेकिन 3 दिन बाद ही गो संरक्षण केंद्र चरवा को बंद कर पशुओं को आवारा की तरह किसानों को खेतों में छोड़ दिया गया जिसकी खबर चलने के बाद अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा बौखला गए हैं और उन्होंने खबर लिखने पर रोक लगाने का दबाव बनाने का भरसक प्रयास किया है अधिशासी अधिकारी चरवा का कहना है कि उनके नगर पंचायत के भ्रष्टाचार या अन्य कार्यों की खबर बिना उनकी सहमत के ना उजागर की जाए अब सवाल उठता है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के कारनामों की कलई खोलने के लिए क्या उनके आदेश की जरूरत पत्रकारों को पड़ेगी गौरतलब है कि नगर पंचायत चायल और चरवा का चार्ज एक ही अधिषासी अधिकारी को दिया गया है दोनों नगर पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर करोड़ों का कार्य कराया गया है सच्चाई यह है कि नगर पंचायत चायल चरवा द्वारा कराए गए तमाम कार्य मौके पर नहीं हुए हैं और तमाम कार्यों में मानक की अनदेखी की गई है लेकिन फिर भी कारदायी संस्थाओं से सांठगांठ कर अधिषासी अधिकारी ने सरकारी ठेकेदारों को धन अवमुक्त कर कमीशन खोरी की है अधिषासी अधिकारी चरवा चायल के भ्रष्टाचार के मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो इन पर शासन की गाज गिरना तय है शासन सत्ता का अपना खास समझने वाले अधिशासी अधिकारी के कारनामों पर अभी तक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है जनता ने भ्रष्ट अधिषासी अधिकारी के कारनामे पर जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# मतगणना में प्रशासन व्यस्त भाजपा नेता कर रहे जमीन पर कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

## 8 दिन पहले भाजपा में शामिल हुए लोग डिप्टी सीएम की छवि कर रहे हैं खराब, भाजपा में शामिल होते ही ककोढा में कुआं और जगत की जमीन जबरिया कब्जा करने से गांव में आक्रोश

**कोखराज कौशाम्बी।** 8 दिन पहले भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद जमीन पर कब्जा दबंगों ने शुरू कर दिया है जिससे गांव में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है भारतीय जनता पार्टी को बदनाम कर कुछ लोग डिप्टी सीएम की छवि खराब करने पर उतारू हैं मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन उनकी व्यवस्था में व्यस्त है जिसका फायदा भाजपा नेताओं ने उठाया और मौर्य समाज की जमीन में बने कुआं और जगत पर कब्जा शुरू कर दिया है। सिराथू तहसील के ग्राम ककोढा में मौर्य समाज के पूर्वजों द्वारा सैकड़ो वर्ष पूर्व बनाया गया कुआँ व कुआँ के पास जगत की पड़ी जमीन पर भाजपा के कुछ लोगों की नियत खराब हो गई है और कुआ और कुएं के जगत की जमीन पर जबरिया कब्जा करना शुरू कर दिया है। दबंगों का हौसला इस कदर बढ़ा है कि वह जमीन कब्जा करने में बार बार भाजपा के दमदारी की बात कर जमीन कब्जा कर रहे हैं कुआ और जगत की जमीन पर कब्जा होने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है और मौके पर सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना 112 व पुलिस अधिकारियों को फोन के माध्यम दी गई है लेकिन मतगणना में ब्यस्तता की बात कह कर पुलिस अवैध कब्जे को रोक नहीं लगा पा रही है। मौर्य समाज के लोगों ने थाना पुलिस से भी कुआ की जमीन बचाने के लिये अवगत करवाया हैं। सिराथू तहसील के ककोढा गांव के सुमेश त्रिपाठी विनय त्रिपाठी, सुभम मिश्रा,व उनके दबंग साथियों ने जमीन पर कब्जा शुरू किया और जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो गाली गलौज करके स्थिति बिगाड़ देना चाहते हैं पुलिस के द्वारा रोका गया लेकिन अपनी बदनीयती को लेकर यह मौर्य समाज के जगत ट्यूबेल व कुआँ को जबरन कब्जा करना चाहते है।

### पड़ोसी की जमीन पर गुर्गों के साथ तांडव, नहीं हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के बिदानपुर आमद करारी काकोढा. गांव निवासी हेमंत कुमार पुत्र राम लोचन मौर्य समस्त मौर्य परिवार की सामूहिक जमीन पर पूर्वजों के कब्जे पर लगे नलकूप व कुआं स्थित है! जिस पर परिवार के सदस्य अमल कर रहे हैं! वहीं पड़ोसी देखन शुमेश त्रिपाठी पुत्र रमाकांत, विनय त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मी त्रिपाठी, आलोक मिश्रा पुत्र शुरेश मिश्रा, और पड़ोसी गांव के ग्रिजेश त्रिपाठी सहित दर्जनों लोग अपने गुर्गों के साथ जमीन पर कब्जा करने के नियत से भौकाल बना रहे हैं पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से लेकर ऊपर तक शिकायत किया! लेकिन अभी तक दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है! जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष होने की संभावना जताई जा रही है! मामले की शिकायत पुनः थाने में दी गई है! अब देखना यह है! कि दबंगों से जमीन मुक्त कराएंगे या दबंगों पर कार्यवाही होगी या फिर अभयदान दिया जा रहा है!

# सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी हुई तो होगा आंदोलन : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर से बंबुपुर तक नहर मार्ग पर बनने वाली नई सड़क के निर्माण में मानक की अनदेखी करने पर जिला प्रशासन से शिकायत करने एवं आंदोलन करने की बात समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कही है। अजय सोनी के मुताबिक पिछले काफी समय से इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू है, लेकिन बहुत धीमी गति से निर्माण हो रहा है। अजय सोनी के मुताबिक पुरानी सड़क के ऊपर ही नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है जबकि पुरानी सड़क को तोड़कर पूरी तरह से उसे कुटाई और सिंचाई कर तब उस पर नई सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए था। इसी तरह सड़क निर्माण कार्य में न तो पानी डालकर अच्छी तरह से रोलर चलाया जा रहा है और न ही अच्छी तरह से गिट्टियों को बिछा कर समुचित डामरीकरण किया जा रहा है। ऐसे में सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह से गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य भी मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। एक ओर सड़क निर्माण हो रहा है दूसरी ओर सड़क खराब होने लगी है। इससे सड़क निर्माण होते ही फिर से उखड़ने लगेगी। अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से उक्त सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण करने एवं मानक के अनुसार मजबूत सड़क निर्माण कराने की मांग की है उन्हें उन्होंने कहा कि अन्यथा आंदोलन होगा।

# आजादी का अमृत महोत्सव : चलाया गया जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

## आजादी का उत्सव मनाकर उन सभी वीर शहीदों का किया जाता है स्मरण




जागरूकता अभियान निकलती छात्राएं

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय यूसुफ पुर रारा में प्रार्थना योगा से हुआ इसके उपरांत शिविरार्थियो ने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आजादी के गौरवशाली 75वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव' के सम्बंध में जागरूकता अभियान चलाया गया आजादी का अमृत महोत्सव' के उद्देश्य को पूरा करने हेतु जन जागरूकता रैली डॉ विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय के नेतृत्व में निकाली गई डॉ0 विनय कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव' अभिषेक कुमार राजेश कुमार रूमा देवी एवं रूपा ने आजादी का अमृत महोत्सव' पर गीत के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया यूसुफपुर रारा में गांव में मानसी केसरवानी मोहनी केसरवानी साधना चौरसिया अवंतिका आयुषी सोनाली चौरसिया विभा पांडे आदि ने आजादी का अमृत महोत्सव' के विषय पर सचित्र नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

संध्याकालीन आयोजित बौद्धिक सत्र का विषय आजादी का अमृत महोत्सव था इस बौद्धिक सत्र के विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय डॉ0 अजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी एवं डॉ0 संतोष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान मुख्य वक्ता हेतु आमंत्रित किया गया था डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 12 मार्च 2021 को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से 'आजादी का अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया था। यह 15 अगस्त, 2022 को देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ से 75 सप्ताह पहले शुरू किया गया था।

डॉ0 अजय कुमार ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का अर्थ आजादी की ऊर्जा का अमृत है यानी स्वतंत्रता सेनानियों की स्वाधीनता का अमृत आजादी का अमृत महोत्सव मतलब नए विचारों का अमृत नए संकल्पों का अमृत और आत्मनिर्भरता का अमृत है डॉ0 संतोष कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज किया और फिर 15 अगस्त 1947 के दिन आजादी का सूरज उदय हुआ उस दिन से आज तक 15 अगस्त को आजादी का उत्सव मनाकर उन सभी वीर शहीदों का स्मरण किया जाता रहा है मगर केंद्र सरकार ने साल 2021 में 75वे आजादी के उत्सव पर आजादी का अमृत महोत्सव की शुरूआत की है। ब्रह्मजीत अमृतलाल बाबूलाल राहुल विकास कुमार राजेश कुमार रामबीर आदि शिविरार्थी गीत के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया मंच का संचालन विकास कुमार एवं अमृत लाल सफलता पूर्वक किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ0 अरविन्द कुमार डॉ0 नीलम बाजपेई डॉ0 रीता दयाल डॉ0 भावना केसरवानी डॉ0 पवन कुमार डॉ0 नीरज कुमार सिंह डॉ0 संतोष कुमार डॉ0 अमित कुमार शुक्ल डॉ0 शैलेश आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संपादकीय

# बोरवेल हादसे चिंता का सबब

**देश के** विभिन्न हिस्सों में लगातार होते बोरवेल हादसे चिंता का सबब बन रहे हैं। पिछले दिनों महज एक सप्ताह के दौरान तीन बोरवेल हादसों का होना और तीन में से दो हादसों में बच्चों की मौत हो जाना, ऐसे हादसों को लेकर आंखें खोलने के लिए पर्याप्त है। 27 फरवरी को मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पटेरा गांव में हुई हृदयविदारक घटना में प्रिंस नामक 4 वर्षीय बच्चा खेलते हुए करीब 300 फुट गहरे खुले बोरवेल में गिरकर 15-20 फीट गहराई में फंस गया। हालांकि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने उसे बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन 6 घंटे के बचाव अभियान के बाद उसे बोरवेल से मृत ही बाहर निकाला जा सका। 15 दिन बाद ही बच्चे का जन्मदिन भी था। बोरवेल का निर्माण बच्चे के पिता ने ही कराया था, जिसे ढंके नहीं जाने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

इस घटना से पहले 24 फरवरी को राजस्थान के सीकर के बिजारणिया की ढ़ाणी में खेलते-खेलते अपने ही खेत में खुले पड़े 50 फुट गहरे बोरवेल में 4 वर्षीय रविन्द्र गिर गया था। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा चलाए गए 25 घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद आखिरकार बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बरछड़ में अपने ही परिवार के खेत में खुले बोरवेल में 4 वर्षीय गौरव संतोष दुबे खेलते हुए गिर गया। हालांकि उसे रेस्क्यू कर बचाव टीमों द्वारा अगले दिन सुबह बोरवेल से निकाल लिया गया लेकिन कटनी जिले के बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाए जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थोड़े-थोड़े अंतराल पर लगातार सामने आते ऐसे दर्दनाक हादसे गहरी चिंता का सबब बन रहे हैं लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि न तो ऐसे हादसों पर लगाम कसने के लिए कड़े कदम उठाने की पहल होती दिखती है और न ही बोरवेल हादसों को लेकर समाज को जागरूक करने के प्रयास हो रहे हैं। इन हादसों से लोग स्वयं भी सबक सीखने को तैयार नहीं दिखते। थोड़े-थोड़े अंतराल बाद जब ऐसी घटनाएं सामने आती हैं तो पता चलता है कि न तो आमजन ने और न ही प्रशासन ने ऐसी दिल दहलाने वाली घटनाओं से कोई सबक सीखा। ऐसे हादसों में प्रायः देखा जाता रहा है कि लोगों द्वारा फसलों की सिंचाई के लिए अपने खेत में बोरिंग कराने के बाद उसके सफल नहीं होने पर बोरवेल के गड्ढे को बंद कराने के बजाय खुला छोड़ दिया जाता है, जो अक्सर ऐसे दर्दनाक हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर लगातार सामने आते बोरवेल हादसों के बावजूद खुले बोरवेलों में कब तब मासूम जानें इस तरह दम तोड़ती रहेंगी? अक्सर देखा जाता है कि बहुत-सी जगहों पर पानी उपलब्ध नहीं होने पर किसानों द्वारा खराब ट्यूबवैल उखाड़कर दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाता है लेकिन ट्यूबवैल उखाड़ने के बाद भी बोरवेल को कंक्रीट से भरकर समतल करने के बजाय किसी बोरी या कट्टे से ढ़ंककर खुला छोड़ दिया जाता है, जो बहुत बार मासूम बच्चों का काल बन जाते हैं। कोई बड़ा हादसा होने पर प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें दोहरायी जाती हैं लेकिन निरंतर सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें महज बयानों तक ही सीमित रहती हैं।

# आपरेशन गंगा के उजालों पर कालिख न पोते

ललित गर्ग

**चुनाव सर्वेक्षणों के प्रसारण व प्रकाशन पर रोक लगाई जाने की मांग भी उठ रही है। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे, कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर पेड ओपोनियन पोल में बदल गए हैं। इसीलिए इनके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। इसलिए इन पर भरोसा किस आधार पर किया जाए ?**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि उसके लिये सत्ता से ज्यादा महत्वपूर्ण जनता का हित एवं उसकी रक्षा है। उसने रूस एवं यूक्रेन बीच चल रहे घमासान युद्ध एवं आपदा में फंसे अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सबसे बड़ी राहत की खबर है कि यूक्रेन के घमासान वाले शहर सूमी में फंसे करीब सात सौ भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने में उसे सफलता मिली है, इससे पूर्व सतरह हजार भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया जा चुका है। आपरेशन गंगा के तहत चले इस अभियान में उसे यह अभूतपूर्व सफलता मिली है और वह भी तब, जब कई देशों ने अपने लोगों को वहां से निकालने के मामले में हाथ खड़े कर दिए थे। यह भारत की विदेश नीति, मोदी की अन्तर्राष्ट्रीय छवि एवं भारत की लगातार बढ़ती साख एवं शक्ति का परिणाम है। इसलिये आपरेशन गंगा के उजालों पर कालिख पोतने की बजाय उसकी प्रशंसा होनी चाहिए। यह मोदी के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि एक बड़ी चुनौती के बीच भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाना। इसीलिये भी यह सफलता उल्लेखनीय है क्योंकि कभी रूस तो कभी यूक्रेन युद्धविराम के लिए बनी सहमति का उल्लंघन कर रहे थे। इससे सूमी में फंसे भारतीय छात्रों की मुसीबत बढ़ रही थी, उनका जीवन पल-पल खतरों से घिरा था। उन्हें संकट से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल यूक्रेन और रूस के राष्ट्रपति से बात करनी पड़ी, बल्कि संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि को इन दोनों देशों के रवैये पर आपत्ति भी जतानी पड़ी। रूस पर यूक्रेन के हमले के बाद वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षित बचाकर लाना एक जटिल काम था, इन जटिल हालातों में 17 हजार से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकालकर लाना एक साहस का काम है। इस काम को किस तरह सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, इसे इससे समझा जा सकता है कि इसके लिए न केवल चार केंद्रीय मंत्रियों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजा गया, बल्कि भारतीय वायुसेना की भी सेवाएं ली गई। मोदीजी ने जनता को यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने का केवल आश्वासन ही नहीं दिया बल्कि जो कहा उसे पूरा भी कर दिखाया। उन्होंने देश की सुरक्षा एवं भारतीयों की रक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण कदम



उठाए। वे एक साहसी एवं कर्मयोद्धा की भांति अपनी तमाम राजनीतिक व्यस्तताओं के बावजूद युद्धरत क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने के काम को बड़ी सूझबूझ एवं जीवटता से सफल किया। वे सफल जननायक हैं, ऐसे राजनेताओं के लिये जॉन एडम्स कहते है ह्यसार्वजनिक नीतिमत्ता, व्यक्तिगत नीतिमत्ता से अलग नहीं होती। सार्वजनिक नीतिमत्ता यह गणराज्य की आधारशिला है। शासनकताओं में सार्वजनिक हित, सार्वजनिक सम्मान, सार्वजनिक हित संबंधों के विषय में सकारात्मक रूख होना चाहिए। इन बातों के साथ ही सम्मान, शक्ति, तेजस्विता भी लोगों के मन में पैदा की जानी चाहिए।ह्न मोदी ने एक अरब तीस करोड़ की विशाल आबादी वाले देश के जन-जन में यह आस्था एवं विश्वास पैदा किया है। मोदी ने देश की जनता को सुरक्षित, भयमुक्त एवं सम्मानजनक जीवन का कोरा नारा ही नहीं दिया, बल्कि ऐसा करके दिखाया है। रूस एवं यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाल कर ही नहीं बल्कि कोरोना महामारी एवं पूर्व के आतंकवादी दौर में भी जनता को शांति एवं भयमुक्त जीवन प्रदत्त किया। जैसाकि सर्वविदित है कि पूर्व सरकारों के दौर में देशवासी सबसे अधिक भयभीत आए दिन होने वाले आतंकवादी हमलों और सीरियल बम विस्फोटों से थे। नागरिकों में यह भय समा गया था कि न जाने कब, कहां, कैसे आतंकवादी हमला हो जाएं। लेकिन मोदी सरकार आने के बाद नागरिकों ने सुरक्षा के मामले में राहत की सांस ली है। मोदीजी के शासनकाल में नागरिक निर्भय एवं निसंकोच होकर कहीं भी देश के किसी भी कोने में आ-जा रहे हैं। एक ओर राष्ट्र की सुरक्षा एवं जनता की रक्षा के लिए अनेकानेक उपाय-योजनाएं और नीतियां लागू की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर भारत तेजी के साथ विकास व प्रगति की ऊंचाइयों को छू रहा है।भारत ने मोदी के शासन में संकट एवं आपदा के समय जनता की रक्षा के अनूठे कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कुछ वर्ष पहले ऐसा ही काम यमन में ऑपरेशन रात के तहत किया था। तब तो उसने बांगलादेश, नेपाल, श्रीलंका के अलावा, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा समेत दो दर्जन देशों के नागरिकों को भी वहां से निकाला था। ऐसे अभियान न केवल भारत की बढ़ती क्षमता को रेखांकित करते हैं, बल्कि दुनिया को यह संदेश भी देते हैं कि वह एक बड़ी और जिम्मेदार शक्ति बन रहा है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बीच भारत का ऑपरेशन गंगा अभियान देश के साथ ही समूची दुनिया और विशेषतः पड़ोसी देशों से भी तारीफ हासिल कर रहा है। ऑपरेशन गंगा से भारत ने एक बार फिर साबित किया है कि वह संकट की घड़ी में खुद के साथ ही मानवीय आधार पर दूसरे देशों की मदद करने से भी कभी गुरेज नहीं करता है। भारत ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों के साथ ही बांग्लादेश, नेपाल और ट्यूनीशिया के नागरिकों को भी वहां से निकाला। भारत ने बांग्लादेश के 9 और पड़ोसी देश नेपाल के 3 छात्रों को यूक्रेन से रेस्क्यू किया था। चूंकि जिन भी भारतीयों ने यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क किया था, उन सभी को निकाल लिया गया है, इसलिए उम्मीद की जाती है कि अब वहां हमारा कोई नागरिक नहीं फंसा होगा। यदि किसी कारण कोई भारतीय वहां रह भी गया होगा तो आशा की जाती है कि उसे भी निकाल लिया जाएगा।

विपक्षी सांसदों ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के सरकार के प्रयासों पर एकजुटता भी दिखाई। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इस बैठक में गए विपक्षी सांसदों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के खिलाफ आए निंदा प्रस्ताव पर मतदान से अनुपस्थित रहने के सरकार के फैसले का आम तौर पर समर्थन किया। विदेश नीति के मामले में ऐसा ही होना चाहिए, क्योंकि विदेश नीति किसी दल की नहीं, बल्कि देश की होती है। इसी कारण विदेश नीति के मामले में पक्ष-विपक्ष में सहमति की एक समृद्ध परंपरा रही है। इस परंपरा का निर्वाह होता रहे, इसके लिए सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों को ही सभी आग्रह-पूर्वाग्रह छोड़कर प्रयास करने चाहिए। कतिपय विपक्षी नेता इतना सब होने के बावजूद तर्कहीन आलोचना करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो निन्दनीय है। यह जगजाहिर है कि विपक्षी दलों का काम आलोचना करना है, उसे गलत भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन समय एवं स्थितियों की नजाकत को देखते हुए हर समय आलोचना एवं छिद्रान्वेषण उचित नहीं कहा जा सकता। मानवीय सोच एवं मानवता भी कुछ कहती है कि ऐसे मौकों पर अगर प्रशंसा नहीं कार सकते तो इन मुद्दों पर जहर तो न उगले। ऐसी नकारात्मक राजनीति करने वालों को याद रखना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि विदेश नीति से जुड़े मामलों में एकजुटता का अभाव न केवल राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और विशेष रूप से भारत के प्रति बैर-द्वेष रखने वाले देशों को गलत संदेश भी देता है। ऐसी नकारात्मक सोच देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को दुनिया में धुंधलाती है, इससे विपक्षी दलों को बचना चाहिए। थॉमस पेन नामक एक बड़े विचारक हुए। उनके प्रसिद्ध पुस्तक का शीर्षक है द राइट्स ऑफ मेन। इस पुस्तक में वे कहते हैं कि व्यक्ति को जन्मतः अनेक अधिकार प्राप्त होते हैं। इन अधिकारों पर अतिक्रमण करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। फिर वह राजा हो या सांसद। निश्चित ही विपक्षी दलों को चाहिए और ऐसे उद्देश्यहीन, विध्वंसात्मक, उच्छृंखल एवं गैर-जिम्मेदाराना आलोचना से बचना चाहिए।

# ऑपरेशन गंगा अभियान- सुलगते सवाल

निर्मल रानी

**रूस** द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध छेड़े गये सैन्य अभियान के बाद भारत सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को भारत वापस बुलाने के लिये जो कथित 'बचाव अभियान ' छेड़ा उसे 'ऑपेरेरशन गंगा ' का नाम दिया गया है। परन्तु यह 'बचाव अभियान' यूक्रेन में नहीं चलाया जा रहा बल्कि भारत अपने नागरिकों को यूक्रेन के सीमावर्ती देशों रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और मॉल्डोवा आदि देशों से वायुसेना के विमानों से भारत वापस ला रहा है। इसलिये कुछ लोग कह रहे हैं कि इसे 'बचाव अभियान' कहने के बजाये 'मुफ़्त वापसी हवाई यात्रा अभियान ' कहना ज्यादा मुनासिब होगा। क्योंकि यूक्रेन में बसे भारतीय विशेषकर वहां भारतीय बच्चे किन अभूतपूर्व संकटकालीन परिस्थितियों में भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास की किसी भी सहायता के बिना भूखे प्यासे,बीमार अवस्था में ट्रेन,बसों अथवा पैदल मार्ग से भीषण बंबारी व धमाकों के बीच चलते हुए पड़ोसी रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया व मॉल्डोवा देशों में पहुँच रहे हैं यह सोशल मीडिया पर उनके द्वारा भेजे जा रहे वीडिओ क्लिप से पता चलता है।

जबकि हमारे देश का अधिकांश मीडिया यूक्रेन में फंसे भारतीयों के दुःख दर्द बयान करने वाले ऐसे वीडिओज को दिखाकर सत्ता के प्रति अपनी वफ़ादारी पर 'दाग ' नहीं लगाना चाहता बहरहाल खबरों के मुताबिक इस स्वदेश वापसी अथवा ऑपरेशन गंगा के तहत गत 8 मार्च तक भारतीय वायुसेना व अन्य भारतीय एयरलाइंस के द्वारा 76 विमानों से 16,000 से अधिक नागरिकों को भारत वापस लाया जा चुका है। जबकि संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने सुरक्षा परिषद को मंगलवार( 8 मार्च) को बताया कि भारत अब तक यूक्रेन से 20 हजार भारतीयों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने में कामयाब रहा। गौरतलब है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापस लाने वाली पहली उड़ान 26 फरवरी को बुखारेस्ट से भारत पहुंची थी। कहा जा रहा है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से लोगों का पलायन द्वितीय विश्वयुद्द के बाद के दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी संकट की चुनौती के रूप में सामने आ सकता है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि 11 दिनों के युद्ध के दौरान ही तकरीबन 17 लाख लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं। 'ऑपरेशन गंगा' के दौरान सरकारी प्रतिनिधि के रूप में अनेक मंत्रियों द्वारा अपने सहयोगी 'गोदी मीडिया ' की जुगलबंदी के साथ फिर वही शर्मनाक हरकतें की जा रही हैं जिन्हें मानवीय व नैतिकता के दृष्टिकोण से हरगिज सही नहीं ठहराया जा सकता। गोदी मीडिया की इतनी हिम्मत नहीं कि वह सत्ता से यह सवाल करे कि बावजूद इसके कि रूस व यूक्रेन दोनों ही देशों में भारतीय दूतावास होने के बावजूद क्यों और किन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास को समय रहते इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करेगा ? और इस आक्रमण से पहले भारत समय रहते अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने की एडवाइजरी क्यों नहीं जारी कर सका ? बजाय इसके मीडिया यह जरूर दिखाता फिर रहा है कि कैसे मोदी सरकार के मंत्री हवाई जहाज में घुसकर वापस आये भारतीयों का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हैं और उनसे हवाई जहाज में मोदी के जिंदाबाद के नारे भी लगवाये जाते हैं परन्तु यही घटनाक्रम आप सोशल मीडिया पर देखें जिन्हें स्वयं यूक्रेन के भुक्तभोगी भारतीय छात्रों व अन्य भारतीय नागरिकों ने रिकॉर्ड व अपलोड किया है तो ऑपरेशन गंगा के लिये सरकार व मीडिया के जुगलबंदी से सत्ता की पीठ थपथपाने के सभी प्रयास खोखले नजर आते हैं। उदाहरण के तौर पर एक भारतीय छात्रा ने बताया कि जब वे भारतीय छात्रों के एक दल के साथ किसी तरह रोमानिया पहुंची तो ह्यरोमानिया के लोगों ने उनकी पूरी सहायता की। उन्हें ठहरने की जगह दी और नाश्ता भोजन व पानी जैसी सभी बुनियादी सहूलियतें मुहैय्या कराईं। जबकि ठीक इसके विपरीत रोमानिया में स्थित भारतीय दूतावास के लोगों ने उन भारतीय बच्चों के साथ अत्यंत आपत्तिजनक व गंदा व्यवहार किया। भारतीय छात्रों के अनुसार भारतीय दूतावास के लोगों ने उनसे कहा कि जो छात्र दूतावास के बाथरूम साफ करेंगे पहले उन्हीं छात्रों को भारत ले जाया जायेगा,शेष लोगों को बाद में भेजा जायेगा। छात्रों के अनुसार वे इतने अधिक थके हुए थे कि बाथरूम साफ करने का उनमें साहस था। इसके बावजूद कई लोग जो यथाशीघ्र संभव भारत वापस जाना चाहते थे उन्होंने बाथरूम व टॉयलेट साफ करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और भारतीय दूतावास के कर्मचारियों के सामने ही उन्हें यह सब करना पड़ा।

इसी रोमानिया का एक वीडीओ सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया व रोमानिया के मेयर के बीच नोक झोंक होती देखी गयी।

## चिंतन

# अनवरत सत्ता से अधिनायकवाद का खतरा

संजीव ठाकुर

**ऐतिहासिक** तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है' सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है। देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं। राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है।

पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं।

# इंस्टेट फेम का युग: पहले तराशा कांच से उसने मेरा वजूद

सुनील महला

**यह** दुनिया गजब की है। कब किसको, कहाँ, किस चीज के लिए, कौन सी बात के लिए रातों रात प्रसिद्ध कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता है। अब आप कह सकते हैं कि लेखक जी आज आप ऐसी बातें क्यों कर रहे हैं ? आपकी इस बात के पीछे का आखिर राज क्या है ? तो भैया जी बात कुछ ऐसे है कि ये जो सोशल फोशल मीडिया का युग है न ये इंस्टेट फेम का युग भी कहा जा सकता है, यह आदमी को अर्श से फर्श पर और फर्श से अर्श पर भी ले जाने में देर नहीं लगाता। सोशल मीडिया की क्षमताएं देखा जाए तो दोनों ही प्रकार की हैं। अब आप देखिए न किस प्रकार से इस सोशल मीडिया ने रातों रात एक वृद्ध महिला रानू मंडल, जो कि पश्चिमी बंगाल के रानाघाट कस्बे से ताल्लुक रखतीं हैं, को रेलवे स्टेशन से बॉलीवुड सांग "तेरी मेरी कहानी" तक पहुंचाकर सिंगिंग स्टार बना दिया। पिछले कुछ समय से कच्चा बादाम सिंगर भुबन बड्याकर जबरदस्त बूम पर है।अब आप देखिए न, भुबन बीरभूम जिले के विभिन्न गांव में कच्चा बदाम गाना-गाकर मूंगफली बेचा करते थे। वास्तव में, भुबन ने अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 'काचा बादाम' गाना बनाया। गाने के बोल हैं -"ऐ बादाम आछे वालों ,माथार छिरा चूल...सिटी गोल्डेर छुरी माला...मोबाइलेर बॉडी वांगा दिये बादाम...मोबाइलेर बॉडी गुलों पांच टाका दाम...पाये तोड़ा हातेर बाला थाके योदी...सिटी गोल्डेर चैन दिये जाबेन...ताते समान समान तोमरा बादाम पाबेन बादाम बादाम दादा कांचा बादाम...आमार काछे नाइतो बूबू वाजा बादाम...आमार काछे पाबे सुधु वाजा बादाम...!" भुबन परिवार का पेट पालने के लिए वे गांव गांव रोजाना कुछेक किलो मूंगफली बेचकर कामचलाऊ रुपये कमाते थे। ईश्वर की इतनी मेहरबानी उन पर हुई कि 'कच्चा बादाम' के बाद भुबन बड्याकर को एक म्यूजिक कंपनी ने 3 लाख रुपए तक का चेक भी दिया है। आज वे सेलिब्रिटी कहलाते हैं। ऐसा नहीं है कि आज के जमाने में ही कोई हिट हो रहा है, या फेमस हो रहा है। पहले के जमाने में भी ऐसा होता था, राजस्थान में पचास साल पहले "कान्या मान्या कुर्र..चाला जोधपुर...!" बहुत हिट हुआ था। आज फर्क इतना ही है कि चीजें हाथों हाथ होती हैं, समय नहीं लगता, क्योंकि तकनीक ने,संचार ने मनुष्य की दूरियां कम कर दी हैं। फिल्म "हम दिल दे चुके सनम" का एक गाना "हे ऐ निम्बुड़ा हेङ्क निम्बुड़ा..हो ओ ओ हो ओ ओ..धिनक धिनक धिनक धिन ताह...निम्बुड़ा, निम्बुड़ा, निम्बुड़ा...निम्बुड़ा, निम्बुड़ा, निम्बुड़ा...अरे काचा काचा, छोटा छोटा, निम्बुड़ा लाई दो...!" भी कुछ इसी प्रकार से हिट हुआ था। ये सब तो उदाहरण मात्र है। यदि हम ध्यान से इस ओर नजर दौड़ाएं तो हमें बहुत से सिंपल लिविंग लोग भी सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर मिल जायेंगे, जिन्होंने इंस्टेट नेम एंड फेम के साथ खूब धन दौलत भी हासिल की है। वैसे, जो चिराग होता है न,वह कभी छिप नहीं सकता, हुनर कभी दब नहीं सकता, दुनिया के सामने किसी न किसी रंग-रूप में सामने आ ही जाता है, यह बात अलग है कि कभी कभी आदमी को सही स्टेज नहीं मिलती, जब स्टेज मिलती है तो आदमी कहीं का कहीं पहुंच जाता है।कहते हैं कि कोई चराग अपनी रौशनी से किसी एक मकाँ को रौशन नहीं करता है, बल्कि जहाँ जलता है वहाँ की फिजा को प्रज्वलित करता है। भुबन को सोशल मीडिया ने चराग बनाया। एक बहुत ही प्रसिद्ध शेर याद आ रहा है -"जहाँ रहेगा वहीं रौशनी लुटाएगा। किसी चराग का अपना मकाॅ नहीं होता।।" बहरहाल, ये सोशल मीडिया आदमी को इंटरनेट सेंसेशन दिलाता है लेकिन नीचे भी गिराने का माद्दा रखता है।अब भुबन को ही देख लीजिए, अभी कुछ समय पहले भुबन बदयाकर एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे और अब इसी पर उन्होंने एक और नया गाना बना डाला है। इस गाने के बोल हैं 'अमार नूतन गाड़ी यानी 'मेरी नई गाड़ी। लोगों को गाने के बोल भले न समझ में आएं।

# कोरोना वैरिएंट्स की आपातकालीन

डॉ. सुरेश कुमार

कोरोना वैरिएंट्स के चेहरे तमतमा उठे। मानो ऐसा लग रहा था जैसे कई दिनों से किसी इंसान को न लील पाने का दुख उन्हें सता रहा हो। उनकी चिंता में किसी इंसानी चिता की कमी साफ झलक रही थी। जिंदा रहने के लिए सांसे और अस्तित्व के लिए हाथ-पैर मारना बहुत जरूरी होता है। दशानन के दस सिर को मिटाने का रहस्य उसकी नाभी में था। यहाँ कोरोना वैरिएंट की नाभी तो दूर उसके किसी निश्चित चेहरे को पहचान पाने में नानी मरी जा रही है। वैसे भी गिना उन्हें जाता है जिनके सिर हों। जो बिना सिर के होते हैं उन्हें गिना नहीं बल्कि उनसे पिंड छुड़ाया जाता है। दुर्भाग्य से पिंड छुड़ाने के चक्कर में कइयों पिंड इस दुनिया से टांय-टांय फिस्स हो गए। कोरोना वैरिएंट्स के सरगना ने एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने का निर्णय किया। इसमें देश-विदेश से पधारे एक से बढ़कर एक वैरिएंट महारथी थे। बैठक आरंभ होने से पूर्व पिछले कुछ वर्षों से अपना आतंक मचाने वाले वैरिएंटों का सम्मान किया गया। उनकी तारीफों के कसीदे पढ़े गए। उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सम्मानित वैरिएंटों ने अपनी-अपनी विजयगाथा बताई। इसके बाद कोरोना वैरिएंट के सरगना ने माइक थामा और कहा झ्र मेरे प्यारे कोरोना वैरिएंटो! मुझे आप पर गर्व है। आप दुनियाभर की वैक्सिनों की परवाह किए बिना अपना दायित्व भली-भांति निभा रहे हैं। आशा करता हूँ कि भविष्य में भी आप सभी अपना दायित्व इसी तरह निभाते रहेंगे। आज की बैठक हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं देख रहा हूँ कि पिछले कुछ दिनों से दुनिया हम से अधिक किसी दूसरे मुद्दे में व्यस्त है। यह हमारे अस्तित्व के लिए ठीक बात नहीं है। मैं देख रहा हूँ कि हमारे रहते देश के अलग-अलग प्रांतों में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो गए। लानत है ऐसे जीवन पर जो इस सुअवसर को भुना न सके।

## वर्ल्ड नम्बर 2 बारबोरा क्रेसीकोवा ने इंडियन वेल्स से वापस लिया नाम

**इंडियन वेल्स।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बारबोरा क्रेसीकोवा ने कोहनी की चोट के कारण बीएनपी परीबस ओपन से नाम वापस ले लिया है। क्रेसीकोवा ने कहा कि वह दो सप्ताह पहले



कतर में टूर्नामेंट के दौरान लगी चोट से अभी तक परेशान है। उन्होंने कहा कि दर्द कल रात से बढ़ गया है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने उपचार पर फोकस करके जल्दी वापसी की कोशिश करूंगी।' चेक गणराज्य की यह खिलाड़ी फ्रेंच ओपन में पिछ्ली चैम्पियन है जो 22 मई से शुरू हो रहा है। ड्रॉ में क्रेसीकोवा की जगह फ्रांस की एलिजे कोर्नेत लेंगी और कोर्नेत की जगह क्वालीफायर के किसी 'लकी लूजर' को खेलने का मौका मिलेगा।

## फुटबॉल मैच के दौरान झड़प को लेकर मैक्सिको के पांच अधिकारी निलंबित

**मैक्सिको सिटी।** सप्ताह के आखिर में एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच हुई हिंसा में 26 लोगों के घायल होने के बाद मैक्सिको प्रदेश प्रशासन ने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया।



इसके अलावा स्टेडियम की सुरक्षा के लिए नियुक्त निजी कंपनी का भी अनुबंध रद्द कर दिया गया है।

मेजबान क्वेरेतारो और एटलस के बीच शनिवार को मैच के दौरान हिंसा हुई तब पुलिस भी वहां मौजूद थी लेकिन हालात पर काबू नहीं पा सकी। पांच निलंबित अधिकारियों में पुलिस और नागरिक सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं। मैक्सिको के शीर्ष डिविजन के सभी मैच रविवार को रद्द कर दिए गए और हुड़दंगी प्रशंसकों पर भी प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## पीवी सिंधू और श्रीकांत जर्मन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

**जर्मनी।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को यहां 180,000 डालर इनामी राशि के जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 21-8, 21-7 से शिकस्त दी जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने फ्रांस के विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी ब्राइस लीवरडेज़ को 48 मिनट में 21-10, 13-21, 21-7 से पराजित किया। सिंधू की यह थाईलैंड की विश्व में 11वें नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ 15वीं जीत है जबकि श्रीकांत ने लीवरडेज के खिलाफ अपना रिकार्ड 4-0 कर दिया। सिंधू का अगला मुकाबला स्पेन की बीट्रिज कोरालेस या चीन के च्यांग यी मान से जबकि श्रीकांत का सामना चीन के लू गुआंग जू से होगा। श्रीकांत का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 2-0 का है। श्रीकांत कोरोना संक्रमण के कारण जनवरी में इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। साई प्रतीक के और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को हालांकि थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सप्सिरी तेरत्तनाचाई की शीर्ष वरीय जोड़ी से पहले दौर में ही 19-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में बुसानन के खिलाफ सिंधू शुरू से हावी हो गई और उन्होंने केवल 32 मिनट में जीत दर्ज की। सिंधू ने पहले गेम में जल्द ही 11-4 से बढ़त बनाई जबकि दूसरे गेम में 7-5 से आगे होने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# एमसीसी ने क्रिकेट के नियम बदले, अब कैच पकड़े जाने पर नए बल्लेबाज को ही खेलनी होगी पहली गेंद

**नई दिल्ली।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने कैच आउट और मांकड़िंग से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इसके साथ ही लार के इस्तेमाल पर स्थायी रूप से बैन लगा दिया गया है। अब किसी बल्लेबाज के कैच आउट होने पर नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी। वहीं मांकड़िंग को अब रन आउट का हिस्सा बना दिया गया है और इस तरीके से आउट होने वाले बल्लेबाज को रन आउट माना जाएगा। मांकड़िंग का नियम हमेशा से ही विवादों में रहा है। इसे रन आउट का हिस्सा बनाने पर गेंदबाजों को इस तरीके से विकेट लेने में आसानी होगी।

**क्या है कैच आउट का नया नियम?**

कैट आउट के नए नियम के तहत अब हमेशा नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी। पुराने नियम के अनुसार



जब कोई बल्लेबाज कैच आउट होता था और दोनों बल्लेबाज रन भागने की कोशिश में एक दूसरे को पार कर जाते थे, तब दूसरे छोर पर रहने वाला बल्लेबाज अगली गेंद खेलता था और नया बल्लेबाज नॉन स्ट्राइक पर रहता था। अब किसी बल्लेबाज के कैच आउट होने पर नए बल्लेबाज को ही पहली गेंद खेलनी होगी भले ही दोनों बल्लेबाजों ने रन भागते हुए अपना छोर बदल लिया हो। अगर कोई बल्लेबाज ओवर की आखिरी गेंद पर ही कैच आउट होता है तो दूसरे छोर पर खड़ा बल्लेबाज अगले ओवर की पहली गेंद खेलेगा।

**मांकड़िंग का नियम भी बदला**

जब नॉन स्ट्राइक पर खड़ा बल्लेबाज गेंदबाज के गेंद फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाता है तो गेंदबाज गिल्लियां बिखेर कर उसे आउट कर सकता है। इसे मांकड़िंग कहा जाता है। पहले मांकड़िंग के नियम को खेल भावना के विपरीत माना जाता था और इस तरीके से विकेट लेने वाले गेंदबाज की काफी आलोचना होती थी। अब इस नियम को रन आउट का हिस्सा बना दिया गया है। इसके बाद मांकड़िंग तरीके से आउट होने वाले बल्लेबाज को रन आउट माना जाएगा। आमतौर पर स्पिन गेंदबाज ही इस तरीके से किसी बल्लेबाज को रन आउट करते हैं।

**लार के इस्तेमाल पर बैन**

अब तेज गेंदबाजों के लिए लार के इस्तेमाल पर भी बैन लगा दिया गया है। कोरोनाकाल में महामारी के संक्रमण की संभावना को कम करने के लिए लार के इस्तेमाल पर बैन लगाया गया था। इसके बाद यह महसूस किया गया कि लार का इस्तेमाल न करने पर गेंदबाजों की स्विंग में कोई असर नहीं पड़ा है। इसके बाद स्थायी तौर पर लार के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया गया है। पारंपरिक तौर माना जाता था कि लार के इस्तेमाल से तेज गेंदबाज को गेंद स्विंग कराने में मदद मिलती है।

## वेस्टइंडीज ने रोमांचक मैच में इंग्लैंड को सात रन से हराया, विश्व कप में लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली।** महिला विश्व कप 2022 के अपने दूसरे मैच में वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को सात रन से हरा कर रोमांचक जीत दर्ज की है। इस टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज की टीम लगातार उलटफेर कर रही है। न्यूजीलैंड के बाद कैरिबियाई टीम ने इंग्लैंड को भी पटखनी दी है। लगातार दूसरी जीत के साथ ही विंडीज सेमीफाइनल की राह में आगे बढ़ चुकी है।

वहीं इंग्लैंड को शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और इस टीम के लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। इस मैच में वेस्टइंडीज के 225 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 47.8 ओवरों में 218 रन पर ही सिमट गई और यह मैच सात रन से हार गई।

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो**

इंग्लैंड के लिए 225 रन का स्कोर इंग्लैंड के लिए 226 रन का लक्ष्य बहुत मुश्किल नहीं था, लेकिन बेमाउंट के अलावा इंग्लैंड



का कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। अंत में सोफी और क्रॉस ने बेहतरीन साझेदारी कर जीत की उम्मीदें जगा दी थी, लेकिन क्रॉस के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की जीत की संभावना भी खत्म हो गई। बेमाउंट ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके अलावा सोफी ने नाबाद 33 और क्रॉस ने 27 रन बनाए। इंग्लैंड की आधी टीम दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाई। सोफिया ने 38 और वट्ट ने 33 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज के लिए शमीलिया कॉनेल ने तीन विकेट लिए। मैथ्यूज और अनिसा मोहम्मद को दो-दो विकेट मिले। वहीं एलेने और कप्तान टेलर के हाथ एक-एक सफलता लगी।

**कैम्पबले और नेशन की शानदार बल्लेबाजी**

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। डॉटिन और मैथ्यूज ने शानदार शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। इसके बाद इंग्लैंड ने शानदार वापसी की और 17 रन के अंदर चार विकेट चटकाए। कैम्पबेल और चेडियन नेशन ने शतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 221 तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए कैम्पबेल ने 66, नेशन ने 49 और मैथ्यूज ने 45 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन ने तीन विकेट लिए। वहीं शिविर को एक विकेट मिला। वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज रन आउट हुईं।

## जर्मन पुरुष टीम पर कोविड का प्रकोप, भारत के खिलाफ प्रो लीग के मैच स्थगित

**भुवनेश्वर।** जर्मनी के टीम में कोविड-19 के मामले पाए जाने के बाद उसके और भारतीय पुरुष हाकी टीम के बीच इस सप्ताह के आखिर में होने वाले प्रो लीग के दोनों मैच को स्थगित कर दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन मैचों का आयोजन 12 और 13 मार्च को किया जाना था लेकिन जर्मन टीम में कोविड के कई मामले पाए जाने के बाद इन्हें स्थगित कर दिया गया है। एफआईएच ने बयान में कहा कि एफआईएच, हॉकी इंडिया और हॉकी जर्मनी ने नए सिरे से कार्यक्रम तैयार करने पर काम कर रहे हैं। भारत का प्रो लीग में अब तक का प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। उसने दक्षिण अफ्रीका को



दोनों मैच में हराया लेकिन फ्रांस और स्पेन से उसने एक मैच में जीत हासिल की तो एक मैच में उसे हार मिली। पुरुष टीम के मैच जहां स्थगित कर दिये गए हैं वहीं एफआईएच ने कहा कि भारत और जर्मनी की महिला टीमों के मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस सप्ताहांत कलिंगा स्टेडियम में खेले जाएंगे। जर्मन महिला टीम मंगलवार को यहां पहुंच गई है तथा कप्तान लिसा नोल्टे भारत में खेलने को लेकर उत्साहित है। लिसा ने कहा कि हम इससे पहले कभी कलिंग स्टेडियम में नहीं खेले हैं, इसलिए हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस तरह के बड़े स्टेडियम में खेलना शानदार होगा। भारत की टीम काफी मजबूत है, विशेषकर उसने तोक्यो ओलंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। स्वदेश में खेलने का हमेशा फायदा मिलता है लेकिन हम इसको लेकर चिंतित नहीं है और आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरना चाहते हैं।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में मिताली और मंधाना को हुआ नुकसान, पहुंची इस स्थान पर

**दुबई।** कप्तान मिताली राज और स्मृति मंधाना जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में दो पायदान खिसककर क्रमश- चौथे और दसवें स्थान पर पहुंच गई। मिताली महिला विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 9 ही रन बना सकी जबकि मंधाना ने 75 गेंद में 52 रन बनाए।

भारत की स्नेह राणा (नाबाद 53) और पूजा वस्त्राकर (67 रन) ने अर्धशतक बनाए।भारत ने पाकिस्तान पर 107 रन से जीत दर्ज की। वस्त्राकर 64वें स्थान पर है जबकि राणा शीर्ष 100 में नहीं है। गेंदबाजों में झूलन गोस्वामी चौथे स्थान पर बनी हुई है जबकि ऑलराउंडर्स दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में छठे स्थान पर है। विश्व कप के पहले



पांच मैचों के बाद रैंकिंग में काफी उतार चढाव आया है। आस्ट्रेलिया की मेग लानिंग बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर आ गई। वह शीर्ष पर काबिज हमवतन एलिसा हीली से 15 रेटिंग अंक ही पीछे है। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज बल्लेबाजों, गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी आगे आई हैं। वह ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंचकर चौथे स्थान पर है। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 12 पायदान चढकर 20वें और गेंदबाजों में तीन पायदान चढकर 10वें नंबर पर है।

## तमिलनाडू के प्राणेश और महाराष्ट्र की तनिशा बने नेशनल सबजूनियर शतरंज चैम्पियन

**नई दिल्ली।** इन्दिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में सम्पन्न हुई पाँच दिवसीय नेशनल सब जूनियर शतरंज स्पर्धा में तमिलनाडू के प्राणेश एम और महाराष्ट्र की तनिशा बोरमनीकर नें क्रमशः बालक और बालिका वर्ग के राष्ट्रीय खिताब जीत लिए है । प्राणेश नें कुल 9 राउंड मे अपराजित रहते हुए 6 जीत और 3 ड्रॉ से कुल 7.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि 7 अंक बनाकर तमिलनाडू के प्रणव वी दूसरे तो हर्षद एस टाईब्रेक के आधार पर तीसरे स्थान पर रहे । बालिका वर्ग मे पहले स्थान के लिए तीन खिलाड़ियों के बीच टाई हुआ पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर महाराष्ट्र की तनिशा , बंगाल की मृत्तिका मलिक और उत्तर प्रदेश



की शुभी गुप्ता क्रमशः पहले ,दूसरे और तीसरे स्थान पर रही । तनिशा और मृत्तिका पूरे टूर्नामेंट मे 6 जीत और 3 ड्रॉ खेलकर अपराजित रही जबकि शुभी को छठे राउंड मे मृत्तिका से हार का सामना करना पड़ा था ।

## बेयरस्टो के शतक से संभला इंग्लैंड, पहले दिन छह विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए

**एंटीगुआ।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच एंटीगुआ में खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 268 रन बना लिए हैं। खराब शुरुआत के बाद जॉनी बेयरस्टो ने अपनी टीम को मुश्किल से उबारा। उन्होंने बेहतरीन शतक लगाकर इंग्लैंड का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। विंडीज के लिए रोच, होल्डर और सेल्स दो-दो विकेट ले चुके हैं।

बेयरस्टो के अलावा इंग्लैंड के स्टोक्स और बेन फोकस ने उपयोगी पारियां खेलकर अपनी टीम को सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचा दिया है।

**इंग्लैंड का शीर्ष क्रम फ्लॉप-** इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और एक बार फिर टीम का टॉप ऑर्डर फेल रहा। ओपनर एलेक्स लीस सिर्फ



चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस समय टीम का स्कोर 12 रन था। 48 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। कप्तान जो रूट भी सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बेयरस्टो ने स्टोक्स के साथ मिलकर पारी को संभाला और अर्धशतकीय साझेदारी की। स्टोक्स 36 रन बनाकर आउट हुए। उनके जाने के बाद बेन फोकस ने बेयरस्टो के साथ मिलकर 99 जोड़े और टीम को मुश्किल से निकाला। 42 रन बनाने के बाद फोकस भी आउट हो गए। दिन का खेल खत्म होने के इंग्लैंड ने छह विकेट पर 268 रन बनाए लिए हैं। बेयरस्टो 109 और क्रिस वोक्स 24 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच, जायडन सेल्स और जेसन होल्डर दो-दो विकेट ले चुके हैं।

**300 के पार जाना चाहेगा इंग्लैंड**


मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 300 से ज्यादा का स्कोर बनाना चाहेगी। बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स लंबी पारियां खेलने में सक्षम हैं और ये दोनों बल्लेबाज पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे।

वहीं वेस्टइंडीज जल्द से जल्द इंग्लैंड की पारी समेटना चाहेगी। इससे पहले एशेज सीरीज में इंग्लैंड का प्रदर्शन बहुत ही निराशा जनक रहा था। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

## युद्ध झेल रहे यूक्रेन का शानदार प्रदर्शन, बीजिंग पैरालंपिक में 17 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर बरकरार

**बीजिंग।** बीजिंग पैरालंपिक में यूक्रेन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 17 पदक जीतने वाला यह देश पदक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। इस पैरालंपिक में यूक्रेन से ज्यादा पदक सिर्फ चीन के नाम हैं। नौ स्वर्ण सहित कुल 29 पदक जीतने वाला चीन पदक तालिका में पहले स्थान पर काबिज है। 13 मार्च तक चलने वाले इस ओलंपिक में कनाडा 14 पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। आने वाले समय में पदक तालिका में बदलाव हो सकता है, लेकिन यूक्रेन के खिलाड़ियों अब तक अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया है।

चार मार्च को शुरू हुए बीजिंग पैरालंपिक शीतकालीन खेल में यूक्रेन का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। यहां 24 फरवरी को ही रूस ने हमला कर दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच जंग जारी है, लेकिन यूक्रेन




ने अब तक अपने कई गुना ज्यादा बड़े देश को कब्जा नहीं करने दिया है। वहां की आम जनता और सेना गजब का साहस दिखा रही है। इसी वजह से रूस अब तक यूक्रेन पर कब्जा नहीं कर पाया है।

**रूस का बहिष्कार यूक्रेन का जलवा**

बीजिंग पैरालंपिक में रूस के खिलाड़ी शामिल नहीं हो रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद खेल से जुड़े आधिकतर कार्यक्रमों से रूस को अलग कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने भी रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। वहीं यूक्रेन के खिलाड़ियों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। 17 पदक जीतने वाले यूक्रेन की झोली में अब तक छह स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। पदक तालिका में शीर्ष पर चल रहे चीन के पास कुल 29 मेडल हैं, जिसमें नौ स्वर्ण, नौ रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं कनाडा अब तक सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में तीसरे नंबर पर है। कनाडा ने पांच स्वर्ण, दो रजत और सांत कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते हैं।

**10 दिन में होंगी 78 प्रतियोगिताएं**

शीतकालीन बीजिंग पैरालंपिक में 10 दिन के अंदर 78 प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें से 39 पुरुषों और 35 महिलाओं के लिए होंगी। इस दौरान चार मिश्रित प्रतियोगिताएं भी होनी हैं।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने शाकिब अल हसन की प्रतिबद्धता पर उठाए सवाल

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शाकिब अल हसन पर निशाना साधा है। बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर ने हाल ही में बीसीबी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक लेने की मांग की थी। साथ ही बोर्ड से उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए आराम देने को कहा था। शाकिब की यह मांग बीसीबी को पसंद नहीं आया और नजमुल हसन ने देश के लिए शाकिब की प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े कर दिए।

**इस बात से नाराज हैं नजमुल हसन**

नजमुल ने कहा कि अगर शाकिब आईपीएल मेगा ऑक्शन में बिक जाते तो क्या तब भी वे ब्रेक लेने की मांग करते? उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि शाकिब की मांग तब सही होती अगर वे चोटिल होते या उनकी मेंटल हेल्थ ठीक नहीं होती। अगर ऐसा होता तो शाकिब अपना नाम आईपीएल ऑक्शन के लिए नहीं देते, लेकिन उन्होंने ऐसा किया। अगर शाकिब को ओपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिला होता, तो भी क्या वे यही करते। अगर शाकिब राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलना चाहते, तो इसमें हम कुछ नहीं कर सकते।

नजमुल ने कहा- शाकिब हमेशा ये नहीं कह सकते कि वो ये मैच नहीं खेलेंगे या वो मैच नहीं खेलेंगे। हम उन मामलों पर जरूर ढिलाई करते हैं, जिसमें हमें वाकई लगता है कि खिलाड़ी को ब्रेक की जरूरत है। पर खिलाड़ियों को भी यह समझने की जरूरत है कि वह एक प्रोफेशनल क्रिकेट में हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मजबूरन हमें कुछ ऐसे फैसले लेने होंगे, जो किसी को पसंद नहीं आएगा। शाकिब को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टेस्ट दोनों सीरीज के लिए स्क्वॉड में चुना गया था। अफगानिस्तान के खिलाफ हाल ही में हुई तीन मैचों की वनडे और दो मैचों की टी-20 सीरीज में शाकिब ने सिर्फ 74 रन बनाए और सात विकेट झटके। नजमुल ने कहा- मैंने सबको बता रखा है कि अगर वह कोई फॉर्मेट नहीं खेलना चाहते तो पहले ही जानकारी दे दें। हालांकि, ऐसा हो नहीं रहा है। यह सही नहीं है।

## उइगर मुस्लिमों के मानवाधिकार हनन के आरोपों की जांच के लिए चीन जा सकती हैं यूएनएचआरसी प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की प्रमुख मिशेल बेशलेट चीन के शिनझियांग प्रांत की यात्रा करेंगी जहां चीन पर उइगर मुस्लिमों के मानवाधिकारों के हनन करने का आरोप है।

बेशलेट ने यूएनएचआरसी में एक वीडियो संबोधन में कहा, ''मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने हाल में चीन की सरकार के साथ यात्रा के लिए समझौता किया है।'' उन्होंने कहा कि यह यात्रा मई में हो सकती है। बेशलेट के हवाले से हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने लिखा, ''सरकार ने चीन में मेरे प्रवास की तैयारी के लिए पहले ही एक दल (मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय के) को भेजने के प्रस्ताव को भी स्वीकार किया है जिसमें शिनझियांग और अन्य स्थानों की यात्रा होगी। यह टीम अगले महीने चीन जाएगी।' ' बेशलेट सितंबर 2018 से शिनझियांग की यात्रा के लिए बीजिंग के साथ बातचीत कर रही हैं। आरोप हैं कि इस प्रांत में दस लाख से अधिक लोगों को, मुख्य रूप से उइगर मुस्लिमों को सामूहिक बंधक शिविरों में रखा गया है। अमेरिका, यूरोपीय संघ और सहयोगी देशों का आरोप है कि उइगर मुस्लिमों के साथ बीजिंग का रवैया नरसंहार की तरह है। चीन ने इस क्षेत्र में अपनी नीतियों का बचाव करते हुए कहा है कि आतंकवाद और उग्रवाद को समाप्त करने के मकसद से ऐसी नीतियां बनाई गयी हैं।

## टेमाला में ज्वालामुखी विस्फोट, 500 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया

**इस्युइंट्ला (ग्वाटेमाला)।** ग्वाटेमाला के 'वॉल्केनो ऑफ फायर' में विस्फोट के बाद पहाड़ी से नीचे गिरती गर्म राख और पत्थरों के बीच लगभग 500 लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इलाका 2018 में 'वॉल्केनो ऑफ फायर' में हुए भीषण ज्वालामुखीय विस्फोट से पूरी तरह से तबाह हो गया था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान, लावा विज्ञान, मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान संस्थान के अधिकारियों ने एक बयान जारी करके बताया कि मंगलवार देर रात लगभग तीन बजे ज्वालामुखी में हलचल कम होने लगी।बयान में कहा गया है, ÷भूकंपीय और ध्वनिक सेंसर इस बात की पुष्टि करते हैं कि ज्वालामुखी के केंद्र में जो हलचल बनी हुई है, वह हल्के विस्फोट से संबंधित है, जिसके चलते घाटी में गर्म राख और पत्थरों का गिरना जारी है।÷ ग्वाटेमाला की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि प्रभावित इलाके से निकाले गए लोगों के लिए पास के एस्युइंट्ला शहर में आश्रय स्थल बनाए गए हैं। सांता लूसिया कोत्जुमालगुपा स्थित जिम को आश्रय स्थल में बदला गया है, जहां सैकड़ों लोग चारपाइयों पर इस घोषणा के इंतजार में बैठे थे कि अब घरों की तरफ लौटना सुरक्षित है। 3,763 मीटर ऊंचा 'वॉल्केनो ऑफ फायर' मध्य अमेरिका के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में शामिल है। इसमें 2018 में हुए ज्वालामुखीय विस्फोट से कम से कम 194 लोग मारे गए थे, जबकि 234 अन्य लापता हो गए थे।



## लड़ाई जारी रहने पर रूस ने यूक्रेनी शहरों की घेराबंदी बढ़ायी, कीव पर मिसाइल हमले का खतरा

**कीव।** युद्धग्रस्त यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार की सुबह एक हवाई हमले का अलर्ट घोषित किया गया और रूस की ओर से मिसाइलें दागे जाने के खतरे के बीच निवासियों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने का अनुरोध किया गया। वहीं, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर मारियुपोल की घेराबंदी कर दी गयी है जिससे वहां मानवीय संकट बढ़ गया है। कीव क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सी कुलेबा ने हवाई हमले का अलर्ट जारी करते हुए कहा कि यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइल हमले का खतरा है।उन्होंने कहा, सभी लोग तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।'' हालांकि, बाद में अलर्ट हटा दिया गया। कई दिनों से रूसी सेना ने यूक्रेन के शहरों को घेर रखा है और नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए मानवीय गलियारे बनाने की कोशिशें विफल हो गयी हैं।

# जेलेंस्की का बड़ा ऐलानः यूक्रेन को नहीं चाहिए नाटो की सदस्यता, डोनेट्स्क और लुहांस्क पर भी बातचीत के लिए तैयार

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन अब NATO की सदस्यता नहीं लेगा। उन्होंने यह भी कहा- वे दो अलग-अलग रूसी समर्थक क्षेत्रों (डोनेट्स्क और लुहांस्क) की स्थिति पर 'समझौता' करने के लिए तैयार हैं, जिसे राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने 24 फरवरी को हमला शुरू करने से ठीक पहले आजाद घोषित किया था और मान्यता दी थी। ये वही मुद्दे हैं, जिन्हें रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की जड़ माना जा रहा है। रूस को शांत करने के उद्देश्य से उन्होंने ये फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलेंस्की ने कहा कि NATO यूक्रेन को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

गठबंधन विवादास्पद चीजों और रूस के साथ टकराव से डरता है। NATO की सदस्यता का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि वह ऐसे देश का राष्ट्रपति नहीं बनना चाहते, जो घुटनों के बल कुछ मांग रहा हो।



**NATO को खतरा मानता है रूस**

रूस ने कहा है कि वह नहीं चाहता कि पड़ोसी यूक्रेन NATO में शामिल हो। रूस NATO के विस्तार को एक खतरे के रूप में देखता है, क्योंकि वह अपने दरवाजे पर इन नए पश्चिमी सहयोगियों की सेना नहीं चाहता है।

**दो क्षेत्रों पर समझौते के संकेत**

यूक्रेन पर हमले का आदेश देकर दुनिया को चौंका देने से कुछ समय पहले पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन में स्थित डोनेट्स्क और लुहांस्क को आजाद घोषित किया था। अब पुतिन चाहते हैं कि यूक्रेन भी उन्हें स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे। इस संबंध में ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं।

## युद्ध संकटः ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय का दावा- लगातार तीसरे दिन रूस ने यूक्रेन में संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया

**संयुक्त राष्ट्र।** ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रूस ने लगातार तीसरे दिन यूक्रेन में अपने स्वयं के युद्धविराम समझौते का उल्लंघन किया है। रूसी बलों ने मारियुपोल और सुमी में मानवीय गलियारों को कथित तौर पर बाधित कर दिया है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की गई एक पोस्ट में कहा गया है कि रूस द्वारा दिन भर गोलाबारी और छोटे हथियारों से गोलीबारी की सूचना मिली। हालांकि यह संभावना जताई जा रही है कि कुछ नागरिक घिरे हुए शहरों से सफलतापूर्वक जान बचाकर भागने में सफल रहे। युद्ध प्रभावित शहर भोजन, बिजली और पानी की कमी से जूझ रहे हैं, जो कि नागरिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है।



**यूक्रेन में अब तक 1,335 नागरिक हताहतः संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यूक्रेन में अब तक 1,335 नागरिक हताहत हुए हैं। कीव का कहना है कि अब तक 12,000 से अधिक रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। जबकि मॉस्को ने कथित तौर पर केवल 500 मौतों की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र ने बढ़ते शरणार्थी संकट पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि 20 लाख से अधिक लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया गया है। डब्ल्यूएचओ ने भी बार-बार स्वास्थ्य सुविधाओं को लक्षित किए जाने को लेकर चिंता जताई है।

**करीब 40 लाख लोग छोड़ सकते हैं घरः संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि करीब 40 लाख लोग यूक्रेन छोड़ सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त फिलिपो ग्रांडी ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे तेजी से बढ़ रहा शरणार्थी संकट है।

## अमेरिकी अधिकारी ने माना- रूस से तेल आयात पर फिलहाल रोक लगाने की स्थिति में नहीं सभी सहयोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि रूस से तेल और गैस के आयात पर रोक लगाने से पहले उसने अपने यूरोपीय साझेदारों से चर्चा की थी। उसने माना कि फिलहाल सभी सहयोगी देश ऐसा प्रतिबंध लगाने की स्थिति में नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कार्यकारी आदेश जारी कर रूस से कच्चे तेल, कई पेट्रोलियम उत्पादों, तरल प्राकृतिक गैस और कोयले के आयात पर रोक लगा दी थी। इसका उद्देश्य रूस को अमेरिकी चालकों और उपभोक्ताओं से सालाना मिलने वाले अरबों डॉलर के राजस्व से वंचित करना है। पिछले साल अमेरिका ने रूस से रोजाना औसतन सात लाख बैरल कच्चा तेला और परिस्कृत पेट्रोलियम उत्पाद का आयात किया था। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस कदम को उठाने से पहले हमने अपने यूरोपीय साझेदारों से करीबी चर्चा की, लेकिन उनसे हमें उम्मीद नहीं थी और हमने उनसे इसमें शामिल होने के लिए नहीं कहा।अधिकारी ने कहा, अमेरिका यह कदम उठाने में सक्षम है, क्योंकि घरेलू स्तर पर हमारी मजबूत ऊर्जा उत्पादन क्षमता है। हम स्वीकार करते हैं कि इस मामले में फिलहाल हमारे सभी सहयोगी देश हमसे जुड़ने की स्थिति में नहीं हैं।

## थैंक्यू पीएम मोदीः नौ बांग्लादेशियों को भी भारत ने यूक्रेन में बचाया, शेख हसीना ने पीएम मोदी का जताया आभार

**ढाका।** युद्धरत यूक्रेन में फंसे भारतीयों व अन्य लोगों को बचाने के लिए भारत 'ऑपरेशन गंगा' चला रहा है। कुछ घंटों के लिए जंग रोक कर लोगों को निकाला जा रहा है। इस अनूठे बचाव अभियान के तहत भारत के अलावा अन्य देशों के लोगों को भी निकाला गया। बांग्लादेश के नौ लोगों को भी इसी तरह निकालने पर पीएम शेख हसीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

'ऑपरेशन गंगा' के तहत भारत ने पाकिस्तान, नेपाल और ट्यूनीशिया सहित कई अन्य देशों के फंसे नागरिकों को बचाया है। इससे पहले समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तान की एक छात्रा का वीडियो साझा किया था, जिसने कीव के भारतीय दूतावास व पीएम मोदी को यूक्रेन से निकालने के लिए धन्यवाद दिया।

विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसने यूक्रेन के सूमी से सभी भारतीय छात्रों को निकाल लिया है। सूमी में रूसी सेना भारी बमबारी कर रही थी, लेकिन पीएम मोदी व भारत सरकार के प्रयासों से कुछ घंटों के लिए मोहलत दी गई और तेजी से वहां से लोगों को निकाला गया।

अब तक लगभग 18,000 भारतीयों, अन्य देशों के कुछ नागरिकों के अलावा अन्य लोगों को भी पिछले महीने के अंत में शुरू किए गए निकासी अभियान के तहत विशेष उड़ानों से वापस लाया गया है। पीएम मोदी ने भारतीय नागरिकों को निकालने के संबंध में वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ कई दौर की उच्च स्तरीय बातचीत की। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी इस बारे में बात की। उन्होंने दोनों नेताओं से संघर्ष और हिंसा को समाप्त करने और बातचीत की अपील दोहराई।



पिछले दो सप्ताह से रूस व यूक्रेन के बीच जंग जारी है। इसमें सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। यूक्रेन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत का आभारः पाकिस्तानी युवती को यूक्रेन से निकाला, पीएम मोदी व भारतीय दूतावास के लिए आसमा ने धन्यवाद किया

**ढाका।** जंग के बीच यूक्रेन में फंसे भारतीयों व अन्य देशों के लोगों को निकालने में भारत अहम भूमिका निभा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर पुतिन व जेलेंस्की जंग रोक कर मानवीय गलियारे से लोगों को सुरक्षित निकालने का मौका दे रहे हैं। वहां फंसे कई पाकिस्तानी भी कीव स्थित भारतीय दूतावास की मदद लेकर निकल रहे हैं। ये लोग भारत का आभार जता रहे हैं। ऐसी की एक पाकिस्तानी युवती आसमा शफीक को भी भारतीय दल ने यूक्रेन से सुरक्षित निकाल लिया है। वह जल्द स्वदेश लौटेंगी। इस मदद के लिए आसमा ने पीएम मोदी व भारतीय दूतावास का आभार माना है। आसमा ने कहा, 'मेरा नाम आसमा शफीक है। मैं कीव में स्थित भारतीय दूतावास की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने हमें हरसंभव मदद की। हम यहां बहुत कठिन परिस्थिति में फंस गए थे। मैं भारत के प्रधानमंत्री की भी शुक्रगुजार हूं कि उनकी बदौलत हम यहां से निकल पाए, मदद करने के लिए लिए आपका धन्यवाद। भारतीय दूतावास की बदौलत हम घर सुरक्षित जा रहे हैं। थैंक्यू।+ सूत्रों ने बताया कि आसमा शफीक को कीव स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने बचा लिया है। वह युद्धग्रस्त इलाके में फंस गई थी। वह भारी मुसीबतों का सामना कर रही थी। इसी बीच उसे भारतीय दूतावास से लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयासों का पता चला तो उसने भारतीय अधिकारियों से संपर्क किया। इस पर आसमा को भी अन्य भारतीयों के साथ निकालकर पश्चिमी यूक्रेन ले जाया जा रहा है। वह जल्द ही अपने परिवार तक पहुंच जाएगी। यूक्रेन में पिछले 13 दिनों से जंग जारी है। मंगलवार को कुछ घंटों के लिए युद्ध रोक कर मानवीय गलियारे से बड़ी संख्या में लोगों को निकाला गया। फंसे भारतीयों व अन्य लोगों को निकालने के लिए पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन व यूक्रेन के राष्ट्रपति



जेलेंस्की से फोन पर चर्चा की थी। दोनों नेता इस पर कुछ घंटों के लिए जंग रोकने पर रजामंद हो गए थे। जंग के बीच कई बार संघर्ष रोक कर लोगों को निकाला गया है। उधर, यूक्रेन की सड़कों पर शव बिखरे पड़े हैं। गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। लाखों लोग विस्थापित हो गए हैं। सैकड़ों जानें जा चुकी हैं।

## बेलारूस में हजारों लोगों के मौलिक अधिकारों का हननः संरा

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने बेलारूस में हो रहे मानवाधिकारों के सरकारी दमन पर मंगलवार को रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा है कि बेलारूस में वहां की सरकार ने हजारों लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन किया है। इस दमन ने सरकार विरोधी अनगिनत नागरिकों, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकताओं और वकीलों के जीवन को प्रभावित किया है। उन्हें अब तक यह भी नहीं बताया गया कि उनका अपराध क्या है। ओएचसीएचआर ने इस रिपोर्ट में 9 अगस्त, 2020 के चुनाव से लेकर 31 दिसंबर, 2021 के मध्य बेलारूस में हुए मानवाधिकार के उल्लंघन की घटनाओं का उल्लेख है। यह रिपोर्ट सरकार के सताए 145 लोगों से बातचीत कर तैयार की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा राष्ट्रपति के 9 अगस्त को चुनाव में जीत की घोषणा के बाद विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इन लोगों की आवाज को कुचलने के लिए "बड़े पैमाने पर हिंसक कार्रवाई" की गई। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला किया गया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बाचेलेट ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि बेलारूस में मई 2020 से मई 2021 के बीच कम से कम 37,000 लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें से कइयों को 15 दिन तक हिरासत में रखा गया। 9 अगस्त से 14 अगस्त के बीच करीब 13,500 लोगों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया गया या हिरासत में लिया गया। इन सभी को यातना दी गई। 2021 के आखिर तक 969 लोग जेल में थे। इनमें से कइयों को 10 साल या उससे अधिक की सजा सुनाई गई। 4 मार्च, 2022 तक जेल में भेजे गए लोगों की संख्या बढ़कर 1,084 हो गई।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**211019 से प्रकाशित**
**स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**Title UPHIN 29506**

## ईरान से परमाणु वार्ता एक बार फिर रह सकती है बेनतीजा, ईरानी वार्ताकार अली बघेरी कानी तेहरान लौटे

**वियना।** वियना में 11 माह से जारी ईरान और पश्चिमी देशों के बीच परमाणु वार्ता एक बार फिर बेनतीजा रह सकती है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहीं यूरोपीय संघ (ईयू) की एनरिक मोरा ने ट्वीट किया, अब वक्त ईरान-अमेरिका को फैसला लेने का है। यह न तो कोई विशेषज्ञ चर्चा है और न ही औपचारिक बैठक। अब ईरान-अमेरिका को इस बारे में फैसला लेने का समय है।

मोरा ने कहा, 2015 में हुई ईरान परमाणु संधि को लेकर अब सिर्फ कुछ दिनों में वियना वार्ता खत्म करने पर फैसला लेने की जरूरत है। ईयू राजनयिक का यह ट्वीट इस वार्ता से ईरान के प्रमुख वार्ताकार अली बघेरी कानी के चले जाने के बाद किया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि



विशेषज्ञ एक बार फिर इस वार्ता के लिए बैठेंगे। दूसरी तरफ व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश ईरान से परमाणु समझौते के काफी करीब हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ बिंदुओं पर अब भी सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि उन्होंने असहमति के बिंदुओं का खुलासा नहीं किया।

बता दें कि यदि यह वार्ता टूटती है तो मध्य एशिया में परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ जाएगा और ईरान पर दोबारा सख्त प्रतिबंध लगेंगे। इसका असर सीधे तौर पर वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ेगा।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने कहा है कि देश के अर्ध सैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने अंतरिक्ष में दूसरे उपग्रह को प्रक्षेपित किया है। सेना ने 'नूर 2' को पृथ्वी की निचली कक्षा में प्रक्षेपित किया है। नूर का मतलब फारसी में 'रोशनी' है। ईरानी सेना ने अपना पहला 'नूर' उपग्रह 2020 में प्रक्षेपित किया था। इस प्रक्षेपण से ही दुनिया को उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम की जानकारी मिली थी। यह प्रक्षेपण ऐसे समय हुआ है जब महीनों से वियना में जारी वार्ता के बीच ईरान के शीर्ष राजनयिक ने परामर्श के लिए अचानक स्वदेश के लिए उड़ान भरी, जो तेहरान पर बढ़ते दबाव का संकेत है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय हुआ है जब कुछ दिनों पहले ही उपग्रह तस्वीरों से ऐसे संकेत मिले थे कि ईरान के असैनिक कार्यक्रम को एक और नाकाम प्रक्षेपण का सामना करना पड़ा है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि ईरान के उपग्रह ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव की अवहेलना की है और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलेस्टिक मिसाइलों से संबंधित कोई गतिविधि नहीं करने का आह्वान किया है।

## ऑपरेशन गंगाः यूक्रेन से भारत की आखिरी निकासी उड़ान गुरुवार को

**कीव।** युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए शुरू किया गया भारत सरकार का 'ऑपरेशन गंगा' अभियान गुरुवार को पूरा हो जाएगा। गुरुवार शाम यूक्रेन से उड़ान भरने वाली भारत की आखिरी फ्लाइट होगी। विशेष रूप से निकासी के लिए भेजी गई सरकारी टीमें भी स्वदेश लौट आएंगी। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था। इसके बाद भारत सरकार ने 26 फरवरी को 'ऑपरेशन गंगा' शुरू किया। इस अभियान के तहत अब तक लगभग 18 हजार भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला गया है। इनमें से अधिकांश विद्यार्थी हैं। विद्यार्थियों के अंतिम जत्थे के रूप में रूसी सीमा के पास सूमी में फंसे लगभग 700 विद्यार्थी ट्रेन से पश्चिमी यूक्रेन के रास्ते में हैं। वह स्वदेश के लिए गुरुवार को उड़ान भरेंगे। यूक्रेन के सूमी से निकाले गए भारतीय विद्यार्थियों को बुधवार को एक विशेष ट्रेन में सवार कर दूतावास ने तस्वीरें ट्वीट की हैं। इनमें विद्यार्थी खुश दिख रहे हैं। इन तस्वीरों को देखकर तनावग्रस्त परिवारों को उनके घर वापस आने की उम्मीद बंधी है। अंतिम बड़े समूह में शामिल लगभग 600 भारतीय और अन्य देशों के 17 लोग यूक्रेन के पोल्टावा से ट्रेन में सवार हुए हैं। इनके गुरुवार को पोलैंड से स्वदेश वापसी के लिए उड़ान पकड़ने की संभावना है।

छात्र समन्वयक अंशद अली ने बताया कि ट्रेन विद्यार्थियों को पश्चिमी यूक्रेन के लविवि ले जाएगी। वहां से उन्हें बसों से पोलैंड ले जाया जाएगा। पोल्टावा और लविवि के बीच की दूरी लगभग 888 किलोमीटर है। सूमी से निकाले गए समूह में 580 विद्यार्थी, वर्क परमिट पर गए 20 भारतीय और उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं। 600 भारतीयों के साथ निकाले गए लोगों में बांग्लादेश के 13, नेपाल और पाकिस्तान से एक-एक और ट्यूनीशिया के दो नागरिक भी हैं।

नागरिकों को निकालने के लिए शहर से पोल्टावा तक मानवीय गलियारे की स्थापना के बाद ही 12 बसें निकलीं। रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति, यूक्रेनी अधिकारियों और भारतीय दूतावास के अधिकारियों की सुरक्षा में संघर्ष क्षेत्र के बजाय सुरक्षित मार्ग से 12 बसों के काफिले में भारतीय नागरिकों को मंगलवार सुबह सूमी से पोल्टावा शहर ले जाया गया। यहां भारतीय अधिकारियों को समन्वय के लिए पिछले कुछ दिनों से तैनात किया गया था।

भारतीयों के साथ सुरक्षित निकाली गईं पाकिस्तान की अस्मा शफीक ने मदद के लिए भारतीय अधिकारियों का आभार जताया है।